तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025




12 पुराने कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री पन्द्रह दिन देरी का मिलेगा फायदा




13 पुराने कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री पन्द्रह दिन देरी का मिलेगा फायदा




## खबर संक्षेप

### पावर हाउस में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत पावर हाउस चौक स्थित सी मार्ट के पास खंडहर में चाकू लहराते और लोगों को धमकाते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी अहमद नगर निवासी शाहिल पिता सलीम खान (23 वर्ष) बताया गया है। उनके विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि घटना स्थल पर एक युवक धारदार हथियार लेकर मौके पर लोगों को डरा धमका रहा है। इसके बाद घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### मुरमुंदा फैक्ट्री में 40 हजार के लोहे के प्लेट की चोरी

**भिलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम मुरमुंदा स्थित मेटल इंस्ट्रक्चर कंपनी से अज्ञात चोर लोहे की करीब 25 प्लेट उड़ा ले गया। प्लेट का वजन करीब 110 किलो बताया गया है। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री के सुपरवाइजर कैलाश नगर जामुल निवासी गुलाब चंद्र मौर्या ने जानकारी दी कि वह 29 मार्च की शाम करीब साढ़े 6 बजे घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब फैक्ट्री लौटा तो देखा कि लोहे के प्लेट गायब थे। सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो पता चला कि रात करीब 2 बजे नकाबपोश व्यक्ति दीवार में छेद कर फैक्ट्री के अंदर घुसे और लोहे के प्लेट उड़ा ले गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ऑयल भरा ट्रक पलटा



**भिलाई।** सुपेला से सेक्टर ओर जा रहे ऑयल ट्रक अचानक से सुपेला अंडर ब्रिज पर बीचों- बीच पलट गया। जिसमें ऑयल भरा हुआ था। स अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन के दमकल टीमों को मौके पर तत्काल रवाना किया गया। अग्निशमन कर्मियों ने ऑइल ट्रक पर फ़ोम की बौछार कर ऑइल ट्रक एवं अंडर ब्रिज पर भरे गैस को कंट्रोल किया और ट्रक पर आग लगने से बचा लिया गया। घटना की पुलिस जांच कर रही है। अग्निशमन टीम समय पर पहुंच कर बड़ी घटना होने से संभाल लिया। मौके पर आगजनी और जनहानि नहीं हुई। इस कार्य में सहायक प्रभारी अग्निशमन एफ प्रवीण बारा, दल प्रभारी धन्नू यादव, संतोष मरढ़िया, नरोत्तम टंडन, अवतार सिंह, निरामन ठाकुर ने भूमिका निभाई।

नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने खड़े किए हाथ, केंद्र सरकार के अनुदान पर पड़ रहा असर

# निगमों का करोड़ों का बिजली बिल बकाया पटाने के लिए खुद करनी होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सरकार बदलने के बाद पहली बार बिजली बिल निकायों को खुद से पटाने होंगे। भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई तीन चरोदा निगम सहित प्रदेशभर के निकायों का बिजली बिल करीब 1378 करोड़ तक पहुंच गया है। निकायों के अपने आय के स्रोत ही इतने कम होते हैं कि ज्यादातर योजनाएं राज्य के फंड पर ही निर्भर होकर चलती हैं। नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने निकायों को बिजली बिल की मदद करने से हाथ खड़े कर दिए है। राज्य के इस फैसले के बाद निकायों की दिक्कतें बढ़ गई है।



### भिलाई निगम पर 250 करोड़ का बिल बकाया

भिलाई निगम का बिजली बिल बकाया करीब 250 करोड़ तक पहुंच गया है। जबकि इस निगम के अपने आय का मुख्य साधन टैक्स वसूली है। इस निगम का सालाना टैक्स वसूली 55 से 56 करोड़ रुपए तक है। इस स्थिति में निगम बिजली बिल पटाने जाए तो स्थापना, कर्मचारियों का वेतन, आफिस खर्च आदि के लिए पैसे के लाले पड़ने वाले हैं।

### रिसाली निगम ने खड़े किए हाथ

राज्य के निर्देश के बाद रिसाली निगम ने बिजली बिल पटाने में असमर्थता जाहिर कर दी। इस निगम का बिजली बिल 15 लाख से ज्यादा है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पत्र जारी करने के बाद इस निगम ने विद्युत वितरण कंपंनी को आय का स्रोत नहीं होने का हवाला देते हुए बिल नहीं देने के लिए हाथ खड़े कर दिए हैं। रिसाली निगम गठन के बाद टैक्स के रूप में सालाना करीब 4.57 करोड़ रुपए आती है।

### पेयजल, सड़क बत्ती व विभागों में जल रही है बिजली

राज्य विद्युत वितरण कंपंनी ने सभी सरकारी विभागों व निकायों में बिजली कनेक्शन दिए हैं। ग्राम पंचायतों में भी बिजली सरकारी फंड से चल रही है। सड़कों की बिजली हो या जनता को पेयजल प्रदान करने के लिए बोर, वाटरट्रीटमेंट प्लांटों में बिजली की खपत हो रही है। इसके अलावा दफ्तरों में बिजली की खपत की जा रही है। इन सभी कार्यों का बिजली बिल भुगतान किया जाना है।

### अधोसंरचना व इस मद के ब्याज से बिल जमा करें

नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने निकायों को अधोसंरचना मद, राज्य परिवर्तित जमा योजना और स्वयं के राजस्व के ब्याज की राशि से बिजली बिल जमा करने कहा है। राज्य द्वारा निकायों को हर साल लाखों रुपए की अधोसंरचना मद के पैसे दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा इस मद के पैसे राज्य सरकार को मिलते हैं। जिसे निकायों को भेजा जाता है।

### दुर्ग जिले के निकायों का बिजली बिल बकाए की स्थिति (अक्टूबर 2024 तक)

| | |
|---|---|
| नगरनिगम जलप्रदाय का एलटी | - 1489.75 लाख |
| नगरनिगम सड़क बत्ती का एलटी | - 1728.73 लाख |
| नगर निगम अन्य एलटी | - 578.52 लाख |
| कुल | - 3797 लाख |
| नगरपालिका का बिजली बकाया | |
| नगरपालिका जलप्रदाय एलटी | - 1448.36 लाख |
| नगरपालिका सड़क बत्ती एलटी | -389.22 लाख |
| नगरपालिका अन्य एलटी | - 389.22 लाख |
| कुल | - 1984.51 लाख |
| नगरपंचायत का बिजली बकाया | |
| नगर पंचायत जल प्रदाय | - 1007. 03 लाख |
| नगर पंचायत सड़क बत्ती | - 352.54 लाख |
| नगर पंचायत अन्य | -156.76 लाख |
| कुल | - 1516.33 लाख |

### केंद्र से अनुदान नहीं मिलेगा

सभी नगरीय निकायों को अब बिजली बिल स्वयं से जमा करना है। इसके निर्देश हमने जारी किए हैं। अधोसंरचना मद, राज्य परिवर्तित जमा योजना और स्वयं की राजस्व प्राप्त ब्याज की रकम से बिजली बिल पटाए। जिस साल का बकाया है उसी वित्तीय वर्ष में शत प्रतिशत नियमित करना अनिवार्य है। अन्यथा केंद्र सरकार का राज्य को अनुदान प्राप्त नहीं हो सकेगा।

- **अजय तिर्की,** अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग

### सरकार के निर्देश का इंतजार

नगरीय निकायों में बकाया बिल बढ़ता ही जा रहा है। जनता की सुविधाओं से मामला जुड़ा है इसलिए हम कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। विद्युत वितरण कंपंनी को राज्य सरकार के निर्देश का इंतजार है कि इस स्थिति में क्या करें।

- **संजय खंडेलवाल**, एसई विद्युत वितरण कंपंनी दुर्ग क्षेत्र

# जेल के अंदर बंदी से मारपीट सुरक्षा के लिए 1 लाख की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध एक बंदी से मारपीट और सुरक्षा के लिए 1 लाख रुपए की डिमांड का मामला सामने आया है। पीड़ित बंदी ने अपने दोस्त हनुमान यादव को इस पूरी घटना की जानकारी दी, इसके बाद मामले का खुलासा हुआ है। हनुमान ने इसकी शिकायत आईजी रामगोपाल गर्ग से

- आईजी से शिकायत के बाद पुलिस ने किया अपराध दर्ज

की। इसके बाद पद्मनाभपुर पुलिस ने मामले में जेल में बंदी एक अन्य इस्राइल कुमार के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। इधर जेल के अंदर से फोन कर धमका और पैसों की डिमांड के मामले को लेकर जेल प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। जेल प्रशासन द्वारा मामले में अलग से जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हनु उर्फ हनुमान यादव ने लिखित शिकायत की है कि उसका दोस्त पुष्पेंद्र पटेल एक मामले में जनवरी 2025 से जेल में निरुद्ध है। उसे जेल के अंदर से एक अज्ञात नंबर से फोन कर अपने दोस्त को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पैसों की डिमांड की गई। इस पर हनु ने ऑनलाइन 500 रुपए ट्रांसफर भी किए। बाद में आरोपी द्वारा 1 लाख रुपए की डिमांड की गई। इसके बाद हनु ने इसकी शिकायत आईजी से की। उसने अपनी शिकायत में कहा कि जेल में बंदियों और कैदियों से उगाही की जा रही है। पैसा नहीं दिए जाने पर मारपीट भी की जा रही है। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

### मारपीट की बात गलत, जांच

मारपीट की बाद गलत है, रही बात मोबाइल फोन से बात की, तो इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसे लेकर जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच के बाद वास्तविक जानकारी सामने आएगी। रही बात बंदी और प्रार्थी के संबंध की तो दोनों दोस्त हैं। प्रार्थी मुलाकात के लिए जेल आया था, इस दौरान दोनों ही बात हुई। पुलिस में की गई शिकायत को आधार बनाकर हम जांच करा रहे हैं, जो भी दोषी पाया जाएगा, कार्रवाई होगी।

**मनीष संभाकर**, जेल अधीक्षक दुर्ग

## 27 हजार के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशालीनगर थाना अंतर्गत आंध्रा स्कूल वृंदानगर से पुलिस ने तड़के दो लोगों को गांजा बेचते गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 27 हजार रुपए का गांजा और 5 हजार रुपए नकद जब्त किया गया। आरोपियों में कैम्प-1 निवासी पी कोटेश्वर राव (34 वर्ष) और एन पूजा (27 वर्ष) शामिल हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की कि घटना स्थल के बाद कुछ लोग गांजा बेच रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। पी कोटेश्वर राव के पास से 50 नग पुड़िया में 518 ग्राम गांजा और 3 हजार रुपए कुल जुमला 9 हजार रुपए जब्त किया गया। इसी प्रकार एन पूजा से 35 नग छोटी पुड़िया, 1.25 किलो खुला गांजा और 2 हजार रुपए नकद सहित जुमला 23 हजार रुपए का जब्त किया गया।

# दस अवैध कार वाशिंग सेंटरों पर कार्रवाई, नालियां भी की थी जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेशनल हाईवे से लगा हुआ संजय नगर तालाब के पास अवैध रूप से 10 कार वॉशिंग सेंटर चलाया जा रहा था। जिसके कारण वहां पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था, आए दिन दुर्घटना हो रही थी, सड़क जाम हो रहा था। स्थानीय निवासियों की शिकायतें थीं कि संजय नगर क्षेत्र में पीने की पानी की समस्या गर्मी के दिनों में हो जाता है। कार वॉशिंग सेंटर रोड के ऊपर अवैध रूप से पुराने सर्विस रोड के उपर पीने के पानी का दुरूपयोग करके चलाया जा रहा हैं।

नगर निगम भिलाई जोन 01 के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर निगम दल के साथ जाकर स्वयं जॉच किए। पता चला कि अवैध कार वासिंग सेंटर चलाने वाले वहां पर टंकी बना लिए हैं और नगर निगम के सप्लाई वाटर के पाईप लाईन से अवैध कनेक्शन खींच करके टंकी में भरते थे उसी से गाड़ियों की धुलाई करते थे। औसतन प्रत्येक दिन वहां पर 100 से अधिक गाड़ियों की धुलाई की जा रही थी। 40 वर्षों से अधिक निवासरत मोहनलाल गुप्ता एवं अन्य निवासियों ने बताया कि हम लोग परेशान हो गए थे एक तरफ पीने की पानी की समस्या दूसरे तरफ यह लोग पीने के पानी से गाड़ी की धुलाई कर रहे थे। निगम का तोड़फोड़ दस्ता जाकर अवैध नल कनेक्शन का विछेदन किया, इसके साथ ही घुलाई वाली मशीन को जप्ती बनाया गया।

पेयजल का कर रहे थे दुरूपयोग



### नाली चौड़ी करने के बाद भी जाम

पूर्व में अधिक बारिश हो जाने से नाले के उपर अधिक जल भराव हो जाने के कारण सुपेला घड़ी चैंक के पास दुर्घटना हो गई थी। नाला चौड़ीकरण का मांग किया जा रहा था। बढ़ते जनसंख्या के दबाव के कारण पूर्व में निर्मित नाले की चौड़ाई कम थी अब उसे कर्मा चैंक से टाटा मोटर्स कोसा नगर तक चौड़ीकरण करते हुए बढ़ाया जा रहा है। सर्विस रोड एवं निर्माणाधीन नाले के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से कार वासिंग का कार्य किया जा रहा था, सभी कचरों को नाले में डाला जा रहा था। सफाई के लिए नाले के उपर का कब्जा हटाना आवश्यक था।


### स्लैब हटाया निगम ने

नगर निगम भिलाई के तोड़फोड़ दस्ता द्वारा दुकानों के सामने से कुछ स्लैब को हटा दिया है। जिससे नाले की सफाई हो सके, आने जाने के रास्ते के लिए नाली के उपर के स्लैब को बीच-बीच में छोड़ दिया गया है। पूर्व में सभी अवैध कब्जाधारियो को कब्जा हटाने के लिए जोन कार्यालय से नोटिस भी दिया गया था। जिससे नाले का निर्माण ठीक ढंग से हो सके। नगर निगम भिलाई द्वारा नागरिको से अपील की है कि कर्मा चैंक से टाटा मोटर्स के बीच में पूर्व के बने नाले के उपर अवैध कब्जे को स्वयं से हटा लेवें।

## आर्बजवेटरी भी पार्ट टाइम में काम कर रहा

# दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब, राज्य में नहीं जा रहा तीन दिन से तापमान का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब हो गया है। जिसकी वजह से तीन दिन से तापमान रिकार्ड नहीं हो रहा। यहां मौसम आर्ब्जव करने के लिए एक आर्ब्जवेटरी भी रखे गए हैं वह भी पार्ट टाइम के लिए। जिसकी वजह से आर्ब्जवेटरी जब भी छुट्टी में या फिर बीमार पड़ जाते हैं उस दिन दुर्ग जिले का तापमान रिकार्ड ही नहीं हो पाता। सिस्टम 30 मार्च से खराब है। सिस्टम का मेंटनेंस नहीं होने की वजह से यह नौबत आई। इधर लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ वेदर सिस्टम को सुधार के लिए कोई पहल नहीं की है।

### तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

द्रोणिका की वजह से छत्तीसगढ़ प्रदेश में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। 29 मार्च को दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। इसके पहले यानी 28 मार्च को अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस था। एक अप्रैल से मौसम में बदलाव आया है और शाम हो हल्की बूढ़ांबादी की स्थिति रही। मौसम विभाग ने 3 अप्रैल को हल्की बारिश की चेतावनी दी है। लेकिन ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम बंद होने से दुर्ग जिले के तापमान की जानकारी ही लोगों को नहीं हो पा रही है।

### वेदर सिस्टम खराब

दुर्ग का ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम खराब हो गया है। जिसकी वजह से तीन दिन से वहां का तापमान रिकार्ड नहीं किया गया है। आर्ब्जवर का काम करने वाला शख्स भी पार्ट टाइमर है।

- **एचपी चंद्रा**, मौसम विज्ञानी ,छग मौसम वज्ञिान केंद्र

### प्रदेश में दो दिनों तक हल्की बारिश के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए 5.8 किलोमीटर पर 68 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में स्थित है। चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है, यहां से एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 3 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटे पड़ने की संभावना है ।




## खबर संक्षेप



### निगम पदाधिकारियों ने महापौर का जताया आभार

**दुर्ग।** निगम के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर आने के बाद महापौर श्रीमती अलका बाघमार को पुष्पगुच्छ देकर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, ईश्वर वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत यांत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर उपस्थित थे। बता दे कि विगत दिनों आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम के सभी नियमित कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम ओपीएस की राशि दिसंबर 2024 तक और न्यू पेंशन स्कीम एनपीएस की राशि फरवरी 2025 तक उनके खातों में जमा करवाए हैं। जानकारी के मुताबिकए यह राशि लगभग चार करोड़ से अधिक बताई गई है।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कौही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी मनोज कुमार साहू की विगत 10 अगस्त 2022 को नाले में बह जाने से, उरला तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग निवासी रवि साहू की विगत 15 जुलाई 2022 को नहाते समय पानी में डूबने से, वार्ड नंबर 37 गंजपारा तहसील व जिला दुर्ग निवासी शेखर सोनकर की विगत 19 मार्च 2024 को करंट लग जाने से, प्लॉट नं. 20 देवांशी नगर धनोरा जिला दुर्ग निवासी प्रीतबाई की विगत 17 अप्रैल 2023 को आग में जल जाने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक के वैध वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मोहभट्ठा स्कूल में न्योता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मोहभट्ठा की कक्षा दूसरी के छात्रा काव्या धलेन्द्र के जन्मदिवस के अवसर पर उनके शिक्षक पिता रेशकुमार धलेन्द्र एवं माता पूर्णिमा धलेन्द्र ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। दो शाला के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर, पुडी, पापड़, केला खिलाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक मोहनदास साहू, सालिकराम निषाद, शिक्षक भारतलाल भोले, सत्येंद्र ताम्रकार, जय प्रकाश टेकाम, कुमेन्द्र साय, भुनेश्वर चुरेन्द्र, गजानंद नेताम, पार्वती, सुनीता निषाद,रामेश्वरी, दुखियाबाई, अंजोराबाई आदि उपस्थित थे।

### पानी का दोहन, पंप जब्त

**डोंगरगांव।** शिवनाथ नदी से पानी के दोहन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो पम्पों को जप्त किया गया है। नदी से अवैध रुप से पानी के दोहन करने की लगातार शिकायत मिलने के बाद गत एक अप्रैल को सुखरी में राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग ने पुलिस के सहयोग से सिंचाई प्रयोजन हेतु लगे 2 नग पंपों को जब्त किया। पंचनामा कर पंपों को जल संसाधन विभाग को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार झरना राजपूत, राजस्व निरीक्षक अर्जुनी रामजी साहू, पटवारी अजय राणा एवं हल्का पटवारी बाबूलाल देवांगन शामिल थे।

### पंचमी को हुआ माता का श्रृंगार

**सड़क अतरिया।** नवरात्रि की पंचमी देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। नर्मदा मंदिर, चोरडाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर आदि ने अन्य दिवस की अपेक्षा पंचमी को दर्शनार्थियों की मौजूदगी अधिक रही। पंचमी पर माता रानी एवं जोत ज्वारा का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। वही दिन भर भजन कीर्तन का दौर चला। शनिवार को सभी देवी स्थलों में महाअष्टमी मनाया जाएगा।

# स्पैरो के घोटाले की भरपाई करदाताओं से और कंपनी पर कार्रवाई से परहेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम प्रशासन द्वारा भले ही करदाताओं से सक्ती कर स्पैरों कंपनी से दुगुना राजस्व की वसूली कर ली है। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा राजस्व में कंपनी द्वारा किए गए गडबडी के खिलाफ कोई रिकवरी नही की गई हैं, वहीं आर्थिक अनियिमितता सामने के बाद भी अपराध दर्ज नही किया गया है। आम लोगों में इस बात की लेकर नाराजगी हैं कि, करदाताओं से टैक्स की वसूली तो कर ली गई है। लेकिन कंपनी के लापरवाही के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, स्पैरों कंपनी ने टैक्स वसूली कर करदाताओं को रसीद नही दी गई और लाखों रूपए का घोटाला किया गया। इसकी करदाताओं ने निगम से लिखित शिकायत की थी, वही भौतिक सत्यापन में इसका खुलासा भी हुआ था। स्पैरों कंपनी वर्ष 2017-18 से 2023 तक ठेके पर नगरनिगम में टैक्स की वसूली की गई। कंपनी को हर साल नगरनिगम द्वारा टोटल वसूले गए राशि का सात फीसदी कमीशन दिया जाता था। कंपनी के सात साल के वसूली के आंकडे पर गौर करे तो अब तक सालाना 18 करोड रूपए तक ही वसूली की गई थी। जबकि वर्ष 2024 में कंपनी का ठेका समाप्त होने के बाद पहली नगरनिगम ने टैक्स वसूली किया और दुगुना यानि 39 करोड रूपए की वसूली कर ली। वहीं कमीशन की राशि भी नगरनिगम ने बचा ली हैं। इस बार नगरनिगम को वसूली के लिए 39 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था।

## सामान्य सभा में कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने का लिया गया फैसला

### एक साल नहीं, पूरे सात साल से गड़बड़ी

विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी के घोटाले का मामला खुद भाजपा के पार्षदों ने उठाया था। जिस पर सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। स्पैरों कंपनी वर्ष 2018 से नगरनिगम में टैक्स की वसूली कर रही हैं। अब तक तीस लाख से अधिक की गडबडी सामने आई हैं। सात साल की तुलना करे तो करोडों रूपए की वसूली निकल सकती है। कंपनी ने लोगों की संपत्ति का कम आंकलन कर टैक्स बेहद कम वसूलकर घोटाला किया गया था।




### हर माह वेतन का संकट भी होगा दूर

नगरनिगम में करीब डेढ हजार अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ है। इन्हें हर माह निगम द्वारा तीन करोड रूपए वेतन जारी किया जाता हैं। इस हिसाब से हर साल निगम को सिर्फ वेतन में ही 36 करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च करनी पडती हैं। इस पर वसूली में ग्रोथ से न सिर्फ निगम प्रशासन बल्कि कर्मचारियों में इस बात की चर्चा है कि, उन्हें वेतन के लाले नही होने पडेगें। इस मामले में पक्ष जानने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से संपर्क किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

## रियल स्टेट : कलेक्टर दर लागू करने में देरी, अब 15 अप्रैल के बाद फैसला

# पुरानी कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री पन्द्रह दिन देरी का मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## जिला मूल्यांकन समिति की अब तक बैठक नहीं, पुरानी दर रहेगी लागू

हर साल एक अप्रैल को नया कलेक्टर गाइड लाइन दर लागू हो जाता है। लेकिन इस बार अब तक जिला मूल्यांकन समिति ने दर का निर्धारण नही किया है। ऐसे में रियल स्टेट की खरीदी बिक्री पुराने कलेक्टर दर से होगी। खबर है कि, अब नया दर पन्द्रह अप्रैल के बाद ही लागू होगा। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि, आगामी पन्द्रह दिन में जमीन कारोबार में तेजी बनी रहेगी।

जानकारी अनुसार राजस्व से जानकारी मिलने के बाद प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष रखा जाएगा। बहरहाल वित्तिय वर्ष के टारगेट को पूरा करने के दबाव में अब तक जिला मूल्यांकन समिति की बैठक नही हो पाई है। बताया जा रहा है कि, आगामी पन्द्रह अप्रैल के पहले जिला मूल्यांकन समिति राज्य शासन को प्रस्ताव भेजेगी। जिसके बाद ही नया कलेक्टर दर लागू किया जाएगा। जानकारों की माने तो इस बार गाइडलाइन दर में बढोत्तरी किए जाने की पूरी तैयारी है। गौरतलब है कि, वर्ष 2017 से निर्धारित किए गए कलेक्टर गाइड लाइन का ही अब तक पालन किया जा रहा हैं।

**खास बातें**

- जिला पंजीयन को नया टारगेट और गाइड लाइन का इंतजार
- एक अप्रैल से लागू होने वाले कलेक्टर दर में इस बार देरी
- देरी का फायदा पक्षकारों को मिलेगा, पन्द्रह दिन के बाद तय



### इस साल रियल स्टेट में 92 फीसदी कारोबार

दुर्ग जिले में वर्ष 2001 से अब तक सबसे ज्यादा 404 करोड 40 लाख रूपए का कारोबार दर्ज किया गया है। जिला पंजीयन को राज्य शासन द्वारा 437 करोड का सालाना टारगेट दिया गया था। जिसमें 404 करोड 40 लाख रूपए की वसूली 31 मार्च 2025 तक हो गई हैं। यह वसूली पिछले 23 साल से अधिक पर हैं। विगत 31 मार्च को देर रात साढे नौ बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया चलती रही।

### पिछले साल 342 करोड़ रुपए की आय

जिला पंजीयक को पिछले साल वर्ष 2023-24 में 342 करोड रूपए का आय प्राप्त हुआ था। इस बार कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट दिया गया था। जिसे भाजपा की सरकार ने बंद कर दिया था। ऐसे में माना जा रहा था कि छूट बंद होने से राजस्व पर असर पडेगा। लेकिन ऐसा नही हुआ और पिछले साल से ज्यादा का राजस्व जिला पंजीयक विभाग को प्राप्त हुआ हैं। रियल स्टेट के कारोबार पर गौर करे तो विगत वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक 121 करोड से बढकर 404 करोड 40 लाख रूपए तक का कारोबार दर्ज किया गया हैं।

### 92 फीसदी आय

जिले में टारगेट के मुकाबले 92 फीसदी राजस्व आय प्राप्त हुआ है। यह राजस्व अब तक का सबसे अधिक आंकडा रहा हैं। नया गाइडलाइन आने तक पुराने दर पर रजिस्ट्री होगी।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

# अनुशासनहीनता करने वालों को नही बनाएंगे पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- संभागस्तरीय बैठक जिला कार्यालय में आयोजित

भापजा आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 6 अप्रैल की स्थापना दिवस के अवसर पर हर मंडल में, हर शक्ति केंद्र में और हर बुथो पर कार्यक्रम का संपादन होना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित है। निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल 1980 को हुई और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के निर्धारित मापदंड के अनुरूप यह कार्यक्रम संपादित करेंगे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर पार्टी में कार्य करेगा। भाजपा की पहचान उसका अनुशासन है। पार्टी की गाइडलाइन है कि, जो पार्टी के चुनाव के समय पार्टी के सिंबल के खिलाफ इलेक्शन लड़ता है या उसके खिलाफ कार्य करता है। पार्टी ने आज उसे निष्कासित कर दिया है और निलंबित कर दिया है। जो पार्टी के रीति-नीति के खिलाफ जाएगा। निश्चित तौर पर उसे पार्टी के अनुशासनहीनता के दायरे में आएगा। मैं समस्त मंडल अध्यक्षों से आग्रह करता हूं भूपेश बघेल की सरकार के समय जिन्होंने सता का सुख और भय के कारण पार्टी छोड़ कर पार्टी के खिलाफ गए उन्हें किसी भी कीमत पर पार्टी का पदाधिकारी नहीं बनाएंगे और साथ ही साथ उन कार्यकर्ताओं को लेकर आए जिन्होंने संघर्ष के समय पार्टी के तन मनधन सब कुछ लगाया है। पार्टी का पदाधिकारी बनाएं पार्टी के निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप सारे सदस्यों को ही पद दिया जाना चाहिए। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा हमारे नेता हमारे मार्गदर्शक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने सपना देखा था, पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का सपना आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत वह पूर्ण हुआ। बैठक को दुर्ग जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया एवं आभार जिला महामंत्री एवं विधायक ललित चंद्राकर ने किया।

# बैंक ने गबन के आरोपियों को किया बर्खास्त, कोर्ट में किया वाद दायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में

- बैंक में 480 प्रकरणों में 49 .33 करोड़ ऋण स्वीकृत

1 अप्रैल 2025 को ऋण उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग के संचालक सदस्य अकोश मिश्रा, उप संचालक कृषि संदीप भोईएवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के सचिव के एसके जोशी उपस्थित थे।

बैठक में कुल 480 प्रकरणों का राशि 4933.68 लाख ऋण स्वीकृत की गयी। जिसमें खाद व्यवसाय हेतु नगद साख सीमा 305 समितियों के लिए राशि 4139.00 लाख, अकृषि ऋण के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं संस्थागत नगद साख सीमा वर्ष 2025-26 के 2 प्रकरण में राशि 425.00 लाख उपभोक्ता व्यवसाय हेतु नगद साख सीमा 71 समितियों का राशि 122.50 लाख की नगद साख सीमा स्वीकृत की गई। गौपालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा चर्ष 2025-26 के लिए 37 प्रकरणों में 62.30 लाख. गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साथ सीमा नवीन एवं नवीनीकरण के 10 प्रकरण में राशि 50 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 5 प्रकरण में राशि 37.45 लाख, गौपालन हेतु केसीसी साख सीमा नवीनीकरण के 14 प्रकरणों में 28.60 लाख, दीर्घावधि कम्बाईन हार्वेस्टर ऋण के प्रकरण में राशि 28.00 लाख, स्वयं सहायता समूह के 10 प्रकरण में राशि 12.70 लाख, मध्य कालीन नार्मल ऋण के 4 प्रकरण में राशि 6.95 लाख, फसल ऋण किसान क्रेडिट कार्ड पूरक साख सीमा वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक 11 प्रकरणों की राशि 5.24 लाख, उद्यानिकी फसल टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 का 5 प्रकरणों में 4.44 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरण में राशि 3.00 लाख मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरैण में राशि 3.00 लाख, कुक्कुट पालन नगद साख सीमा वर्ष 2025-20 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरण में राशि 3.00 लाख, बकरी पालन नवीनीकरण के प्रकरण में राशि 1.50 लाख तथा बकरी पालन के 1 नवीन प्रकरण में 1.00 लाख राशि की स्वीकृति दी गयी।

### बैंक ने गबन पर किया वाद दायर

गबन-धोखाधड़ी एवं ऋण असंतुलन के प्रकरणों में 8 दोषी कर्मचारियों पर बैंक कर्मचारी सेवानियम अनुसार सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है एवं उक्त प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय स्थगन आदेश को समाप्त करने हेतु बैंक द्वारा वाद दायर किया गया है। बैठक में बैंक अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर एवं विपणन अधिकारी श्री हृदेश शर्मा उपस्थित रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में भौतिक शास्त्र विभाग का अतिथि व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ.वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग के तत्वाधान में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विषय-विशेषज्ञ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अतिथि व्याख्याता डॉ. अंजली अवधिया, शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर रहीं जिन्होंने छात्राओं को व्याख्यान प्रस्तुत किये साथ ही साथ छात्राओं को परीक्षा पूर्व तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित थी। इस कार्यक्रम से छात्रायें काफी लाभान्वित एवं प्रेरित हुए। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन कु. पिन्टी देवी अतिथि व्याख्याता तथा आभार प्रदर्शन हीना देवांगन ने किया।

# विकास कार्य में देरी पर ठेकेदारों को जारी करें नोटिस : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश

महापौर ने कहा ठेकेदार निर्माण कार्यो को समय सीमा के भीतर कार्यो को पूरा करें। समय पर काम नही करने वाले ठेकेदारों को नोटिस किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारी निर्माण कार्यो के समय गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए और लगातार मानिटरिंग भी करे।

नगर पालिक निगम आज महापौर अलका बाघमार द्वारा डाटा सेंटर के हॉल में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर की उपस्थित में निगम अधिकारियों के साथ सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि, पार्षद निधि जैसे अन्य नये-पुराने निर्माण कार्यो को लेकर बैठक ली। अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने निर्देश दिए।

आम जनता की सुविधा के उद्देश्य से महापौर द्वारा निर्देशित किया कि सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति कार्य का प्रशासनिक दायित्व निर्वहन करें, अधिकारी आपस मे समन्वय रखकर हर हाल में पूरा कराए। अप्रारंभ एवं लंबित विकास कार्यो की महापौर व लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने कहाँ समय सीमा कार्यों की पूर्णता के बाद शेष ड्रेसिंग के कार्यो को तेजी से पूरा करवाकर सड़को के गड्डो को बेहतर ढ़ंग से भरवाने निर्देशित किया। महापौर ने निर्देश दिया कि, वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधिगणों को वार्डों में ले जाकर तालाबों, उद्यानों के सुंदरीकरण सड़क, नाली के कार्यों की जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि, इन विकास कार्यों का पूर्ण समुचित लाभ आमजनों को सरलता से मिल सके। इस दौरान कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दीवान,संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, उपअभियंता विनोद मांझी, पंकज साहू, अर्पणा मिश्रा, करण यादव, विकास दमाहे, प्रेरणा सिंह के अलावा लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा उपस्थित थे।

## सालभर में डेढ़ सौ दिन काम कराने का रहता है टारगेट

# विकलांग श्रमिकों को रोजगार देने में दुर्ग जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2024-25 के महिला मानवदिवस एवं विकलांग मजदूरों का रोजगार देने में जिला दुर्ग प्रथम स्थान पर है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महिला एवं विकलांग योजनाओं राज्य में प्रथम स्थान में कार्य कर रही है।

प्रदेश में जिला पंचायत में बुधवार को रोजगार योजना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मानव दिवस 28 लाख 51 हजार 8 सौ 16 महिला जिसका 72.38 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराया गया है। वही विकलांग में राज्य में प्रथम स्थान में 71.85 प्रतिशत है। विकलांग 789 को रोजगार दिया गया है। वही महिला मजदूरों को मातृत्व भत्ता हेतु 30 दिवस का राशि दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग को 33 महिला मजदूरों, जनपद पंचायत धमधा में 13 महिला मजदूरों, जनपद पंचायत पाटन में 29 महिला मजदूरों का कुल 75 महिलाओं को लाभ मिला है।

### टारगेट से अधिक रहा मानव दिवस

मनरेगा के तहत कुल मनरेगा मार्च मानव दिवस का लक्ष्य 32 लाख 81710 दिया गया है। जिसमें मानव दिवस 39 लाख 39588 यानि प्रतिशत 120.05 मानव दिवस का लक्ष्य प्राप्त किया है। जो वह मार्च 2025 तक 120.05 प्रतिशत प्राप्त किया गया हैं योजना महिला की भागीदारी अव्वल रहा हैं साथ ही योजना में मजदूरों को अधिकारी संख्या में रोजगार दिया गया है।



### तीनों जिले में डिमांड के अनुसार रोजगार

सीईओ बजरंग कुमार दुबे बताया वितीय वर्ष 2024-25 में दुर्ग में 28 लाख 51 हजार 8 सौ 16 महिला जिसका 72.38 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराया गया। जिले में राज्य से प्राप्त मानव दिवस लक्ष्य 32 लाख 81710 के विरुद्ध में 39 लाख 39588 मानव दिवस उपलब्ध कराया गया जो 120.05 प्रतिशत हैं। दुर्ग जनपद पंचायत में 119.35 प्रतिशत, पाटन जनपद पंचायत 120.19 प्रतिशत, धमधा जनपद पंचायत 120.44 प्रतिशत मानव दिवस रहा है। विकलांग 7 सौ 89 श्रमिकों को रोजगार दिया गया है।

## तीन वार्ड में बनेगी सड़क विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र के 3 वार्डों में सीमेंटीकरण सड़क बनाने की शासन से स्वीकृति मिलने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग किये थे, जिससे आवागमन बेहतर हो सके। भूमिपूजन में वार्ड 2 में दो स्थान पर, वार्ड 3 में दो स्थान और वार्ड 51 में एक स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क बनाया जायेगा। इस दौरान एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, पार्षद साजन जोसेफ, गोविन्द देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, दिलीप साहू, सुमन वर्मा, अमित पटेल, उत्तम साहू, अक्षत झा, राहुल दीक्षित, पीयूष मालवीय, किशोर अहिरवार, विपिन चावड़ा, अजय नारायण, नवीन साहू, मनोज सोनी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### बाबा दरबार धनोरा में मनायी पंचमी

**उतई ।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बुधवार को पंचमी पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। संध्या कालीन आरती के बाद कलश चढ़ाया गया उसके बाद माता रानी का श्रृंगार किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा नंद पंडा, मनोज पटेल, भोलू साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू के द्वारा विधी विधान के साथ कलश चढ़ाया गया। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि पंचमी के दिन सुबह से ही दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। खीर, पुड़ी, चुनरी, हार, फूल, नारियल लेकर भक्त गण दरबार पहूंच कर माता रानी की पूजा पाठ करते रहे।

## निधन

### नारायण शर्मा

**भिलाई।** चौहान टाउन, ब्लाक एच-3 क्वार्टर 4 (फर्स्ट फ्लोर)



निवासी मनोज शर्मा के छोटे पुत्र और गोविंद शर्मा के छोटे भाई नारायण कुमार शर्मा उम्र 24 वर्ष का आकस्मिक निधन गुड़गांव में हो गया। उनका अंतिम संस्कार हुआ। चौहान टाउन ब्लाक वासियों ने श्रद्धांजलि दी है।

### बेलौदी में जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

# महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अहम भूमिका: जनपद अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जांबुलकर, जिला महिला बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर नगपुरा के ग्राम बेलौदी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दुर्ग कुलेश्वरी देवांगन एवं सरपंच जामवंती देशमुख ग्राम पंचायत बेलौदी तथा पंचगण उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला बाल संरक्षण दुर्ग की टीम द्वारा बच्चों के अधिकार, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, बाल विवाह की रोकथाम विषय पर जानकारी दी गई जिसमें बेटियों की सुरक्षा, बच्चों के संरक्षण के लिए शासन द्वारा किये गए उपायों के बारे में सीता कन्नौजे द्वारा विस्तार से बताया गया। वहीं पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा द्वारा कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत के संबंध में जानकारी दी गई। शशि रैदास द्वारा अन्नप्राशन कराए गए एवं उपस्थित जनों को जन्म लिए बच्चों को 6 माह तक सतत स्तनपान उसके बाद ऊपरी आहार में स्तनपान विषय पर जानकारी दी गई। ममता साहू द्वारा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना व गीतांजलि द्वारा नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रेडी टू ईट से बनने वाली व्यंजनों का प्रदर्शनी लगाई। जिसमें प्रथम पुरस्कार गीता देशलहरे, द्वितीय सुनीता देवांगन व तीसरा पुरस्कार चमेली पारकर को दिया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन कर, जनता को योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए आगे कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही है। समस्त अतिथियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। परियोजना अधिकारी शषा झा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण की समस्त पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, शशि रैदास, गीतांजली भैसारे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख, चमेली पारकर, सहायिका सोमिन ठाकुर, श्यामा देशमुख, सेक्टर नगपुरा की समस्त कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**बेटियों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए निकाली गई रैली**





### कार्यक्रम में नृत्य की दी प्रस्तुति

पोषण एवं खानपान में जागरुकता बढ़ाने के उद्धेश्य से 4 गर्भवती महिलाओं झालेश्वरी, खोमेश्वरी, हेमा ठाकुर और उमा पारकर की गोदभराई एवं 6 बच्चे प्रियांशी, रूही, तृषा, नयन, राध्या, वीणा का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में हरी पत्तेदार सब्जी, स्थानीय फल का उपयोग एवं स्वच्छता का पालन करना क्यों जरुरी है बताया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा बालगीत व किशोरी बालिका द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत किया गया और इसके माध्यम से बेटियों को पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पोषण तथा बेटियों के सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए पोषण व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई। इसके साथ ही महिलाओं के लिए कुर्सीदौड़ और रस्सा खींच का आयोजन भी किया गया। विजेता प्रतिभागियों को कुर्सी दौड़ में लीला पारकर प्रथम, ममता साहू द्वितीय, उमा पारकर तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।

## अंचल की खबरें

### महिला दिवस पर सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान



**कुम्हारी।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुम्हारी द्वारा महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सफाई कर्मचारियों के साथ दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफाई कर्मचारी सुपरवाइजर शोभा चक्रधारी, सरोज चंद्राकर, ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बीके ईशा और संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि शोभा चक्रधारी ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी संस्थान में आने मात्र से ही मन में सुख-शांति का अनुभव होता है और यहां जीवन जीने की कला सीखने को मिलती है। उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे इस सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया। सरोज चंद्राकर ने अपने संबोधन में सभी से आग्रह किया कि प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा परमात्मा के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जिससे आंतरिक शक्ति मिलती है। ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बी.के. ईशा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की महिलाएं केवल कचरा उठाने वाली नहीं, बल्कि कचरा मुक्त देश बनाने वाली और प्राकृतिक सेवा करने वाली बनें। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार हम अपने आसपास की सफाई करते हैं, वैसे ही राजयोग को अपने जीवन में अपनाकर अपने घर को स्वर्ग बनाने की सेवा करनी है।

### अंडा में प्रधानमंत्री आवास का किया लोकार्पण



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा जनपद पंचायत दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास का लोकार्पण किया गया। ग्राम अंडा में 3 हितग्राही त्रिवेणी, शंकर लाल बांदे, सरोज बाई कौशल के घर का लोकार्पण किया गया। जिसमें जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंचगण फत्ते चंद्राकर, यादवेंद्र चंद्राकर, सती बाई गोस्वामी, ममता चंद्राकर, लता चंद्राकर , राकेश्वरी चंद्राकर, उत्तर देशमुख, माधुरी साहू, गोपाल साहू, सीताबाई, विमला बाई हमेंद्र चौहान, मनोज चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, तिलक चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, रत्ना बंजारे, एमान चंद्राकर, दीपक पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। सभी के चेहरे खिले हुए रहे सभी ने प्रतिनिधियों का तिलक लगाकर सम्मान और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिए। इस अवसर पर सभी पंचायत प्रतिनिधि, जनपद प्रतिनिधि ने फैसला किया कि आने वाले भविष्य में सभी हितग्राहियों का इसी प्रकार सम्मान किया जाएगा सभी के घर जाकर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर हितग्राहियों का सम्मान किया जाएगा।

### नपा अमलेश्वर में हुआ प्रेस क्लब का गठन



**पाटन।** अम्लेश्वर नगर पालिका क्षेत्र अमलेश्वर में अंचल के पत्रकार साथियों ने मिलकर प्रेस क्लब का गठन किए। जिसका उद्देश्य क्षेत्र की सभी जनहित समस्याओं को प्रेस के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण करा कर त्वरित निराकरण कराया जाना है। साथ ही शासन द्वारा चलाये जाने वाली जन कल्याणकारी कार्यो को ज्यादा से ज्यादा आम जनों तक पहुंचाना हैं । प्रेस क्लब अम्लेश्वर के प्रथम अध्यक्ष करन साहू चुने गए हैं। वहीं नारायण वर्मा उपाध्यक्ष, महासचिव डॉ. अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष होरीलाल साहू, संयुक्त सचिव गोविंदा सोनकर, संगठन सचिव आनंद राणा, सह सचिव महेंद्र निषाद को बनाया गया है। वहीं अंचल के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप साहू व ललित बिजौरा को वरिष्ठ सलाहकार एवं विशेष मार्गदर्शक सदस्य बनाए गए हैं। शेष कार्यकारिणी की गठन बहुत जल्दी ही किया जाएगा। वही क्लब के अध्यक्ष करन साहू ने जल्द ही कार्यकारिणी विस्तार करने की बात कही। उक्त जानकारी दीपेश सोनकर ने दी है।

## बिजनेस साइट

### चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर हार्वेस्टर की डिलीवरी



**भिलाई।** 2 अप्रैल 2025 चैत्र नवरात्रि की पंचमी, मां स्कंद माता के पावन दिवस पर बालोद जिले के कोरगुडा दूधली निवासी प्रगतिशील कृषक राजेंद्र कुमार ने भगवान गणेश एवं मां स्कंद माता की पूजा-अर्चना कर अत्याधुनिक बहु-फसली सेल्फ प्रपोल्ड हार्वेस्टिंग मशीन के एस 9300 की खरीदारी की। उनकी यह पहल न केवल स्वयं के लिए बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व का विषय बनी। डिलीवरी के शुभ अवसर पर नागपुर तीर्थ स्थल के प्रमुख दृष्टि पन्नालाल गोलेछा ने यंत्र की चाबी प्रदान की। इस दौरान कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मीनारायण, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता किशोर निषाद, प्रशिक्षु संतोष यादव, बरमेचा एलीवेटर के मुख्य अभियंता जयदेव सामान, प्रशिक्षु कमल कुमार कौशिक तथा साध्वी नंदिता सामंत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। हार्वेस्टर मशीन ग्रहण करने के इस गौरवमयी क्षण में कृषक भुनेश्वर साहू, गजेंद्र साहू, नानूराम आर्दे, अरुण देवांगन, चतुर ठाकुर, ठाकुर राम साहू, हिमांशु आर्दे एवं रोशन ठाकुर सहित कई स्थानीय कृषक भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि केएस कंपनी की सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइंड हार्वेस्टिंग मशीन जब शोरूम से गंतव्य की ओर जाती है तो अपने अत्याधुनिक स्वरूप से राहगीरों का ध्यान सहज ही आकर्षित कर लेती है। छत्तीसगढ़ के किसानों की पहली पसंद बन चुकी इस मशीन की विशेषता केवल इसकी बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' के मूल मंत्र को अपनाते हुए कंपनी किसानों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रही है। यह किसानों की कृषि कार्य क्षमता को बढ़ाने और उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कर्मशील समाज पीछे नहीं रह सकता शिक्षा के बगैर आगे नहीं बढ़ सकता: अवधेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

समाज को आगे बढ़ाना है तो एकजुट रहना पड़ेगा। रानी अवंती बाई के त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम हरदी में मुख्य अतिथि बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने उक्त बातें कही। आगे कहा कि कर्मशील समाज पीछे नहीं रह सकता शिक्षा के बगैर समाज आगे नहीं बढ़ सकता। विशेष अतिथि भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि शिक्षित समाज ही आगे बढ़ेगा लोधी समाज परिश्रम के साथ आधुनिक खेती के लिए प्रसिद्ध है। लोधी समाज के पूर्व प्रांतीय महासचिव इंजीनियर रमेश पटेल ने कहा कि समाज को एकजुट रखने में समाज के लोग सराहनीय कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, लोधी समाज बेमेतरा जिला अध्यक्ष गोवेंद्र पटेल, दुर्ग जिला अध्यक्ष बनऊ सिंह वर्मा, अशोक वर्मा, प्रदेश अंकेक्षक विमल पटेल, कृष्णा बेनीराम वर्मा, मिही लाल पटेल, खोमन पटेल, नरेश पटेल, घनश्याम पटेल, केशव पटेल, मोहन पटेल, तोमन पटेल के साथ लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा रानी अवंती बाई के तैल चित्र देकर सम्मानित किया गया। लोधी समाज के इंजीनियर रमेश पटेल, अंकेक्षक विमल पटेल, बद्री पटेल के द्वारा पत्रकार प्रदीप ताम्रकार, जिला उपाध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ दुर्ग को सम्मानित किया गया।



- हरदी अहिवारा परिक्षेत्र में मनाया वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस

# फार्म हाउस का सपना पूरा करने का अवसर



**भिलाई।** फार्म हाउस का सपना पूरा करें अपना सिग्मा फॉर्म लाया है फार्म हाउस का सपना पूरा करने का अवसर। भिलाई पावर हाउस नंदिनी रोड से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर बागडूमर में सिग्मा ग्रुप ऑफ कंपनी के डायरेक्टर कबीर साहू ने बताया कि फार्म हाउस के लिए सर्व सुविधाओं के साथ फार्म लैंड उपलब्ध है। इसमें भव्य प्रवेश द्वार, बीएमडब्ल्यू रोड, चैनफेंसिंग, पानी, बिजली, स्ट्रीट लाइट, स्विमिंग पूल, लैंडस्केप गार्डन के साथ फलदार वृक्ष भी लगे हुए हैं। फार्मलेंड के लिए की पार्टी दरों पर लैंड उपलब्ध प्लॉट संबंधी जानकारी के लिए नेहरू भवन रोड सिग्मा मॉड्यूलर किचन सुपेला भिलाई ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं।

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I Sudhir Dutt Mishra S/o Late Mahesh Dutt Mishra resident of infront of Shiv Temple 34 Shradha Bhawan, Behind Dubey Dairy Sundar Nagar, Kohka, Bhilai, Dist. Durg, C.G.- 490023 have changed my old name Sudhir Mishra S/o Late Mahesh Dutt Mishra so in future should be recognized by my new name that is Sudhir Dutt Mishra S/o. Late Mahesh Dutt Mishra in all Government and other documents.

Sudhir Dutt Mishra
resident of infront of Shiv Temple 34 Shradha Bhawan, Behind Dubey Dairy Sundar Nagar, Kohka, Bhilai, Dist. Durg, C.G.- 490023

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - 03 जिला दुर्ग

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 202503103300018/ अ-56 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202503103300018 /अ-56 वर्ष 2024-25 आवेदिका श्रीमती धनमत बाई मुजेवार पति स्व. श्री तिलक राम मुजेवार निवासी ग्राम झोला पोष्ट तिरगा, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका की मानसिक स्थिति एवं स्वास्थ्य हमेशा खराब रहने के कारण आवेदिका को कोटवार कार्य करने मे काफी परेशानी हो रही है। उक्त कारण से आवेदिका अपने नाती श्री तिलोक मुजेवार को अपने स्थान कोटवार पद पर पदस्थ किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 07/04/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 17/03/2025
सुनवाई दिनांक- 07/04/2025

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

# साहू समाज त्याग, तप व समर्पण से बढ़ रहा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

स्थानीय साहू समाज तेलीगुण्डरा में बुधवार को माता कर्मा जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सुबह 10 बजे से भव्य कलश यात्रा ग्राम भ्रमण कर दोपहर 1 बजे सामूहिक आरती कर भोजन प्रसाद ग्रहण किए। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अतिथि उद्बोधन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू थे, अध्यक्षता दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ ने की। विशेष अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, परिक्षेत्र अध्यक्ष डूलेश्वर साहू, जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू, डॉ. गुलाब साहू उपाध्यक्ष, धनराज साहू न्याय संयोजक, दिनेश साहू सदस्य जपं, गरीबदास साहू कोषाध्यक्ष, कमलेश्वरी साहू संयोजिका तहसील, चांदनी साहू उपाध्यक्ष, सरपंच हुलेश्वरी साहू, बीरेंद्र साहू अध्यक्ष जिला सर्वोदय, उपसरपंच चंद्रसेन साहू, श्यामलाल साहू सचिव ने श्रीकृष्ण, भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर सामाजिक संदेश प्रेषित किए।

- तेलीगुंडरा में मनाई गई कर्मा जयंती

जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने कहा कि साहू समाज पूरे छत्तीसगढ़ में माता कर्मा के आशीर्वाद त्याग,तपस्या,प्रेम,भक्ति,समर्पण से आगे बढ़ रहा है। इतिहास में हमारे दुर्ग जिला, पाटन तहसील साहू संघ बहुत ही विपरीत परिस्थिति, अभाव में साहू समाज का संचालन होता था। आज जहां तक हम पहुंचे है चाहे सामाजिक भवन, माता कर्मा मंदिर, युवा, महिलाओं की सहभागिता, शिक्षा, पुरोधाओं का सम्मान, सामाजिक जनजागरुकता अभियान, कुरीतियों को दूर करने समाज निरंतर कार्य कर रही है।

दिनेश साहू अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश साहू संघ की एकीकृत नियमावली को प्रत्येक पार तक लागू करते हुए,भव्य कर्मा जयंती आयोजन, सामूहिक आदर्श विवाह, भव्य कर्मा मंदिर निर्माण, भव्य तहसील भवन निर्माण सहित अनेकों अभियान में तहसील साहू संघ पाटन निरंतर आगे बढ़ रही है।

जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि युवा हमारे देश व समाज के भविष्य है, शिक्षा, संस्कार, नशामुक्त समाज, धार्मिक, राजनीतिक, देश सेवा, जनसेवा एवं रचनात्मक, संगठनात्मक कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए। जिला प्रतिनिधि गंगादीन साहू ने 99 इकाई के प्रत्येक चूल्हा के सहयोग 5 किग्रा अन्न दान, 50 रुपए के बदौलत प्रत्येक वर्ष भव्य कर्मा महोत्सव, सामूहिक आदर्श विवाह, युवा महोत्सव, तीज मिलन समारोह सहित अनेकों कार्य संपादित हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन सचिव चंद्रशेखर साहू,अतिथियों का आभार इकाई अध्यक्ष चित्रसेन साहू ने किया।

इस अवसर पर दादूराम साहू, रेखराम साहू, राजा साहू, तुलसी साहू, भूषण साहू, प्रेमलाल साहू, गजानंद साहू, अभिषेक साहू, पोषण साहू, रामसाय साहू, ओमप्रकाश साहू, कल्याण, तुलाराम, रामदयाल साहू, गायत्री साहू, अर्जुन साहू, सुरेश साहू, नारायणी साहू, रामदेव देवांगन, भगवान देवांगन, रूपा साहू, आशादेवी साहू, बीसहत, दुष्यंत, राजू, सूखचैन, टोपू, तेन्सिंग, पवन साहू सामाजिक बंधु एवं ग्रामवासी शामिल हुए।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भिलाई इस्पात संयंत्र के श्रमिकों को आवास भत्ता की दरकार

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने महाप्रबंधक के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने प्रबंधन से भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन एवं लाभार्जन में लगातार बढ़ोतरी में प्रमुख योगदान देने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों के सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की है। सुविधाओं के बढने से कर्मियों को राहत मिलेगी।

इंटक के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम ज्ञापन ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन एवं



### मिले भत्ते व इंसेटिव

यूनियन अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि ठेका कंपनी बदलने के बाद भी उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए।रात्रि पाली में कार्य करने वाले श्रमिकों को रात्रि भत्ता, साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट और केंद्रीय न्यूनतम वेतन दिया जाए या 26000 रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए। सभी मांगों पर जीएम ने आश्वस्त किया है। बैठक मेंमहाप्रबंधक विकास चंद्र सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित एवं यूनियन की ओर से संजय साहू सीपी वर्मा सुरेश श्याम कुंवर आर दिनेश गुरुदेव साहू जसवीर सिंह उपस्थित थे।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के प्रयास से बीएसपी में कार्यरत श्रमिकों के समस्याओं का लगातार निदान हो रहा है । राउरकेला इस्पात संयंत्र की तरह बीएसपी के उत्पादन में कार्यरत ठेकाश्रमिकों को आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए। श्रमिकों को संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आवाजाही की अनुमति दी जाए। इससे कि ठेका श्रमिकों को ईएसआईसी हॉस्पिटल जाने में परेशानी ना हो। साथ ही बीएसपी के बचे हुए ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। ठेका श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने औरसही सीपीएफ डालने ऑनलाइन वेतन की प्रक्रिया के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए एवं ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में आईटीआई एवं 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए।

## खबर संक्षेप



### भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़ा 6 से

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल से संविधान निर्माता डॉ. भीमराय अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सेवा पखावाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर बीजेपी जिला संगठन की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, संमाग प्रभारी विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक प्रियदर्शनी परिसर सुपेला में आयोजित की गई। विक्रांत सिंह ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान एक देश एक चुनाव, वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन बिल, स्थापना दिवस पर हर घर झंडा अभियान, संगोष्ठी, 8 एवं 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्य सम्मेलन, गांव चलो अभियान, 13 अप्रैल को शाम को अम्बेडकर की मूर्ति की सफाई व माल्यर्पण सहित अन्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में प्रेमलाल साहू, बिजेन्द्र सिंह, जागेश्वर साहू, बृजेश बिचपुरिया, वीरेन्द्र साहू, महेश वर्मा, सांवला राम डाहरे, राम खिलावन साहू, योगेन्द्र सिंह, राम उपकार तिवारी, सरस्वती बंजारे, कीर्ति नायक, कुलेश्वरी देवांगन, नटवर ताम्रकार, रेखराम बंछोर, लिमन साहू, तुलसी साहू, निर्मला यादव, स्वीटी कौशिक आदि मौजूद थे।

### वायर राड मिल में स्वच्छता पखवाड़ा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट एवं वायर राड मिल (एमडब्ल्यूआरएम) में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य अतिथि मुनीश कुमार गोयल थे। कार्यक्रम में सफाई के लिए जागरु किया गया। श्री मुनीस ने कहा कि स्वच्छता पहल को अल्पकालिक अभियानों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि दैनिक जीवन में एक सतत प्रयास बनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन एचआर मिल्स जोन–1 विभाग और एमडब्ल्यूआरएम द्वारा किया गया। पखवाड़ा में कार्यस्थल की सफाई और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु आसपास के क्षेत्रों से कचरे को हटाना शामिल रहा। जीएम मोहिबुल हुसैन ने दैनिक आदत के रूप में स्वच्छता को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान देने का आग्रह किया। महाप्रबंधक प्रणव कुमार सहायक महाप्रबंधक शीतल प्रसाद सोनकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक बीरेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक सुनील कुमार,संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों ने अपनी भागीदारी दी ।

## पुलिस बल के साथ बेदखली के लिए पहुंची बीएसपी की प्रवर्तन टीम

# सिविक सेंटर के अवैध शॉप संचालकों पर की बड़ी कार्रवाई, किया दुकान को सील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पिछले दस साल से सिविकसेंटर में दुकान का किराया नही पटाने पर बीएसपी के प्रवर्तन विभाग द्वारा बधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा न्यू सिविक सेंटर स्थित प्लॉट/शॉप नं 182 के लीजधारक के विरूद्ध कार्यवाही कर दुकान को सील कर दिया गया। इस दौरान पुलिस बल मौजूद था। इस दौरान कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस की समझाइश बाद शांत हो गए।

लीजधारक द्वारा लीज की अवधि 29 सितम्बर 2012 को समाप्त हो जाने के बाद बिना लीज नवीनीकरण कराए अवैध रूप से शॉप का संचालन किया जा रहा था और 77 लाख 52 हजार रूपए के बकाया बिल का भुगतान भी 2014 से नहीं किया गया था। प्रवर्तन टीम ने शॉप नं 182 के लीजधारक पर कड़ी कार्यवाही करते हुए दुकान को सील कर दिया। इस दौरान पुलिस बल थाना कोतवाली और कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढ़ाल सिंह बिसेन की उपस्थित थे। संपदा न्यायालय के प्रकरण 56/2016 के तहत प्लॉट/शॉप नं 182, न्यू सिविक सेंटर और दिनेश कुमार सिंघल के विरूध्द डिक्री आदेश पारित कर अवैध कब्जाधारियों पर बेदखली की कार्यवाही कर कब्जाधारियों को परिसर से बेदखल किया गया और विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के कार्मिकों द्वारा प्लॉट/शॉप का विद्युत विच्छेद भी किया गया।

### खास बातें

- कोर्ट ने बीएसपी के पक्ष में दिया फैसला
- कब्जाधारी का बिजली कनेक्शन भी काटा
- किराया व बिजली बिल भी नहीं किया था भुगतान
- कार्रवाई में शामिल हुए 300 विभागीय कर्मी व जवान

पुलिस ने विरोध कर रहे कुछ व्यापारियों को किया शांत



### नहीं कराया था लीज नवीनीकरण

न्यू सिविक सेंटर स्थित शॉप नं 182 को संचालक जसराज कोचर को 30 वर्ष के लिए लीज पर आबंटित किया गया था। जसराज कोचर ने दिनेश कुमार सिंघल, जो वर्तमान में भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव है, के नाम से पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित किया था। लीज की अवधि 29 सितम्बर 2012 को समाप्त हो गई थी। लीजधारक द्वारा आगामी 30 वर्ष की अवधि के लिए लीज का नवीनीकरण न करवाने के कारण 2015 में दुकान का आवंटन बीएसपी द्वारा रद्द कर दिया गया था। इस बीच 2015 में जसराज कोचर की मृत्यु हो गई। दुकान के कब्जेदार एवं मुख्तारनामा धारक ने मृत्यु की घटना को बीएसपी व दुर्ग एवं उच्च न्यायालय से छिपाए रखा। दुकान से अनाधिकृत कब्जाधारियों को बेदखल करने के लिए 2016 में बीएसपी प्रबंधन द्वारा सम्पदा न्यायालय में मामला भी दायर किया गया था। संपदा न्यायालय ने 2017 में बीएसपी के पक्ष में आदेश पारित किया।

### चेंबर अध्यक्ष ने किया विरोध

संपदा न्यायालय के आदेश को दिनेश सिंघल ने दुर्ग न्यायालय में चुनौती दी थी। जिसे दुर्ग न्यायालय ने 2019 के आदेश के तहत संपदा न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। सिंघल ने हाई कोर्ट में दुर्ग न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने फरवरी 2025 को पारित आदेश के तहत याचिका को खारिज कर दिया। कार्यवाही के दौरान भिलाई स्टील चेंबर के अध्यक्ष ज्ञान चंद जैन ने कुछ व्यापारियों के कार्यवाही का भारी विरोध किया। रात में दुकान का ताला तोड़ने की धमकी दी। बेदखली कार्यवाही में प्रवर्तन अनुभाग व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, निजी सुरक्षा गाड्र्स (महिला सुरक्षा गार्ड सहित) के साथ शॉप अनुभाग के कर्मचारी सहित उपयोगी संसाधनों ट्रेक्टर-ट्राली एवं अन्य वाहन के साथ 300 लोगों की टीम उपस्थित थी।

# मई के पहले सप्ताह में आ सकता है बोर्ड का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी हैं। आगामी दिनों मूल्यांकन के समाप्त होने के बाद 10वीं और 12वीं का रिजल्ट मई के पहले या दूसरे सप्ताह में जारी हो सकता है।

- मई महीने में जारी होगा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श कन्या स्कूल तथा सेजस दीपक नगर में 26 मार्च से शुरू हो गया। उत्तर पुस्तिका को सुरक्षा के बीच रखा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए 10वीं में 124 और 12वीं में 85 प्राचार्य तथा लेक्चरर की ड्यूटी लगाई गई है।

### थोक में आ रही उत्तर पुस्तिका

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन जारी है। जहां मूल्यांकन कार्य में पहले चरण में 10वी में 36 हजार 887 उत्तर पुस्तिकाओं और 12वीं में 21 हजार 405 उत्तर पुस्तिकाओं आई है। जिसमे अब तक 10वीं में 63% और 12वीं में 73% के कॉपियों का मूल्यांकन कर लिया गया है। दूसरे चरण में 10वीं और 12वीं के लिए 10 हजार 862 उत्तर पुस्तिकाओं आई है। जिसका मूल्यांकन जारी है। दीपक नगर में 10वीं में 20 हजार 567 और 12वीं में 34 हजार 472 उत्तर पुस्तिकाएं आई थी, वही आदर्श कन्या स्कूल में 10वीं में 36 हजार 887 और 12वीं में 21 हजार 405 उत्तर पुस्तिकाएं आई है।

### प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष की देख-रेख में मूल्यांकन

स्कूल के प्राचार्य तथा केंद्राध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल की देख-रेख में मूल्यांकन जारी है। शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा तथा परीक्षा प्रभारी अमित घोष द्वारा दोनों केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। डीईओ ने मूल्यांकन को बेहद ही गंभीरता व सजकता से किए जाने के निर्देश दिए। वही सभी कमरों में सीसी कैमरा के द्वारा मानिटरिंग की जा रही है। अफसरों ने बताया कि, रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड अध्यक्ष की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

# भिलाई नगर रेलवे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक बनेगी समानांतर सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर बजट वर्ष 2025-26 में नेहरू नगर से सुपेला तक सड़क निर्माण और विद्युतीकरण कार्य के लिए पहल शुरू हो गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त से इस कार्य का डीपीआर मांगा गया है। वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक सड़क तक रेल्वे लाईन के सामानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए उन्होंने 706 करोड़ रूपये का प्रस्ताव दिया था जिसे इस वित्त वर्ष में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत शामिल किया गया है।

- राज्य शासन ने 702 करोड़ का मंगाया डीपीआर

### लोगों को मिलेगी बड़ी सुविधा

विधायक रिकेश सेन ने बताया कि भिलाई निगम के जोन-1 अंतर्गत नेहरू नगर अंडरब्रिज से भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन तक रेल्वे लाईन के सामानांतर रोड निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 322 करोड़ और भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक रेल्वे लाईन के सामानांतर रोड एवं विद्युतीकरण कार्य के लिए 384 करोड़ से यह कार्य होना है। अधोसंरचना मद अंतर्गत बजट वर्ष 2025-26 में शामिल इस कार्य प्रस्ताव (डीपीआर) के प्रस्तुतिकरण हेतु राज्य शासन ने 24 मार्च को निगम आयुक्त को पत्र दिया है। विधायक ने कहा कि भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन से सुपेला अंडरब्रिज तक पर्याप्त रौशनी के साथ बेहतर समानांतर सड़क निर्माण से लोगों को आवाजाही में सुविधा होगी।

# गृहमंत्री अमित शाह से सांसद विजय बघेल ने की मुलाकात



**भिलाई।** सांसद विजय बघेल और राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पाण्डे ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंटकर छत्तीसगढ़ में नक्सली उन्मूलन अभियान की प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया। साथ ही बलराम कृषि उत्पादन एवं विपणन को-ऑपरेटिव सोसायटी (सबको) के माध्यम से किसानों के हित में चलाई जा रही गतिविधियों और फ़िल्म एवं लोक कलाकारों के लिये गठित की गई सहकारी समिति की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध किया। सांसद श्री बघेल ने कहा कि पीएम के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। हर ग्राम पंचायत में समिति बनाया जा रहा है। आगामी छह-छह माह का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मजबूत करने तथा मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में तेजी से काम हो रहा है। पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जारही है। इससे किसानों, गरीबों और मजदूरों के समय और पैसे की बचत होगी। किसान समृद्धि और खुशहाली और तरक्की की ओर आगे बढ़ रहा है।

- छग में नक्सल उन्मूलन के लिए जताया आभार

# हिंदू नव वर्ष पर निकली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हिंदू नव वर्ष उत्सव समिति जामुल द्वारा जामुल में नववर्ष उत्सव मनाया गया । सुबह 5:30 भगवा ध्वज हिंदू नव वर्ष के बैनर लेकर प्रभात फेरी निकली। नगर भ्रमण कर रावण भाटा हनुमान मंदिर में एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । संध्याकालीन कार्यक्रम जामुल बस्ती के संतोषी चौक के पास श्री राम भगवान के प्रतिमा के सामने जागृति मानस मंडली खेरधा के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया ।

- नव वर्ष उत्सव समिति जामुल का आयोजन

मुख्य वक्ता महंत वेद प्रकाश महाराज प्रांत सह संयोजक धर्मस्य विभाग विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ एवं केदार राम साहू नगर संघ चालक जामुल ने भारत माता की पूजा अर्चना कर आरती की। समितियों द्वारा श्री महंत को शास्त्र और शस्त्र भेट किये । श्री साहू ने कहा कि इस दिन के ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। इन्ही के नाम से विक्रमी संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है। भगवान विष्णु का प्रथम अवतार इसी दिन हुआ, प्रभू श्री राम के राज्याभिषेक इसी दिन हुआ था, शक्ति और भक्ति का नवरात्र का पहला दिन भी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क सर संघचालक डॉ. हेडगेवार का जन्म दिवस भी है।



### इनकी रही भागीदारी

समिति के संयोजक अशोक कुमार वर्मा द्वारा अतिथि स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम का संचालन राजेश सिन्हा तथा आभार ईश्वर उपाध्याय द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में दिलेश्वर उमरे राष्ट्रीय स्वयसेवक विभाग सह कार्यवाह दुर्ग, नेतराम साहू जिला सामाजिक सद्भावना प्रमुख, पालिका अध्यक्ष जामुल ईश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमती चेन्नेवार, पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, पार्षद चुम्मन वर्मा, गुल्ली साहू, समिति के सह सयोजक जोगेश्वर सोनी, जितेंद्र साहू, सुभाष पांचाल, आकाश सिह ठाकुर, जीवन साहू उमेश कुमार साहू विष्णु प्रसाद सिंह रमेश साहू लक्ष्मीकांत उपाध्याय संजय शर्मा, सोनू यादव, अनूप राय, सागर यादव, संजय शुक्ला, पुरुषोत्तम यादव, उत्तम देवांगन, उमेश निर्मलकर, रवि वैष्णव, राजेश यादव, शत्रुहन साहू, धुरु देवांगन,बाली बर्मन, बिसेस्वर वर्मा, लल्लन सिह, सुरेश मानिकपुरी, योगेश यादव, पुनीत साहू, ओमप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मिले भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया

# बाबू और कम्प्यूटर ऑपरेटरों को बैठा दिया प्रभारी अधिकारी बनाकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। मुलाकात कई मायनों में अहम बताई गई है। दया सिंह ने निगम में अफसरों की गड़बड़ी और मनमानी के खिलाफ की शिकायत की। उन्होंने रायपुर स्थित मंत्री निवास में पहुंच कर नगर निगम भिलाई के विभिन्न विषयों में चर्चा की। करीब एक घंटे चली इस मुलाकात में कई विषयों पर दया सिंह ने जानकारी दी। दया सिंह ने मंत्री को बताया कि नगर निगम भिलाई अफसर भारी लापरवाही और मनमानी कर रहे हैं। खुले आम गड़बड़ी की जा रही है। बाबू, कम्प्यूटर ऑपरेट को बड़े-बड़े पद बिठा दिया गया है। अजय शुक्ला जिसका मूल पद बाबू का है, लेकिन जनसंपर्क अधिकारी बन कर सरकारी वाहन का उपयोग कर रहा है। इसी प्रकार डाटा एंट्री आपरेट शरद दुबे को सहायक राजस्व अधिकारी बना दिया गया है। जो निगम के आयुक्त के लिए अवैध वसूली का काम कर रहा है। स्टेनो संजय शर्मा जो कि निगम में सिर्फ हाजरी लगाने के लिए निगम आता है। संगठन के नाम पर नेतागिरी कर रहा है। उसके बाद सेक्टर 6 के पास अपने ड्राइविंग लायसेंस और पासपोर्ट बनाने दुकान चला रहे हैं। आयुक्त अपनी कमियों को छिपाने और भ्रष्टाचार करने अपने स्वार्थ के हिसाब से पद देकर रखा है।

- मिल बांटकर चल रहा खेल, की गई शिकायत



### सालों से जमें अधिकारी-कर्मचारी का तबादला

दया सिंह ने मंत्री से मांग की है कि निगम में सालों से अधिकारी-कर्मचारी एक ही विभाग एक ही निगम में जमें है। इन सभी का तबादला किया जाए। विभाग में भी बदलाव किया जाए। ताकि भ्रष्टाचार और गड़बड़ी रूके। भिलाई निगम में प्रोजेक्ट सेल बनाकर बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सभी बड़े लाखों करोड़ों के टेंडर यही से होते है। यहां के इंजीनियर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने नियम-कानून को ताक पर रख दिए है। निगम में कई जूनियर इंजीनियर ऐसे है जो इंजीनियर का काम कर रहे है। इन सभी को उनके मूल पद पर भेजा जाए। अबतक यहां से जितने भी टेंडर हुए है, उसकी जांच कराई जाए।

### मदों में हेराफेरी, ऑडिट भी नहीं कराए

निगम मे मदों में हेराफेरी किया जा रहा है। मनमाने तरीके से मदों का यहां से वहां किया जारहा है। बंदरबाट किया जा रहा है। अफसर नगर निगम अधिनियम का पालन नहीं कर रहे हैं। मिलबांट कर आयुक्त और महापौर मिलबांट कर मलाई खा रहे हैं। इनकी जांच की जाए और इनके वेतन व संपत्ति कुर्की करके वसूली की जाए और इन पर फर्जीवाड़ा, 420 का अपराध दर्ज कर जेल भेजा जाए। निगम के साल भर के आय-व्यय का ऑडिट जो हर साल किया जाना चाहिए। लेकिन बीते कुछ सालों से ऑडिट नहीं किया जा रहा है। इस लिए मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि निगम का ऑडिट कराया जाए। इससे जितनी भी गड़बड़ी की गई है। उसका खुलासा नहीं होगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



विंटाज डिजाइन

## लाइव इवेंट

### हरीश साहू को समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कामों के लिए मिला समाज गौरव सम्मान



**भिलाई।** रायपुर द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 115 प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया गया। इसमें दुर्ग जिला से इंटरनेशनल कराते मास्टर हरीश साहू को कराते प्रशिक्षण के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समाज गौरव सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी संरक्षक परस राम साहू, प्रदेश सलाहकार डॉ. राजेंद्र पाटकर, प्रदेश सलाहकार मोहित शर्मा, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संस्थापक संजय मैथिल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अकादमी के संस्थापक संजय मैथिल ने कहा कि हरीश साहू कलाकार के साथ ही सरल, सहज, व्यक्तित्व के धनी हैं। वे कराते संघ के जिलाध्यक्ष हैं। प्रदेश के बेटियों, नारियों को अपनी आत्मरक्षा के लिए कराते प्रशिक्षण देते हैं। प्रसिद्ध कथा वाचक भी हैं। धर्म की रक्षा व प्रचार प्रसार के लिए रामचरित्र मानस कथा भी करते हैं। अकादमी के पदाधिकारियों ने हरीश साहू का प्रशंसा कर बधाई दी। उज्जवल भविष्य की कामना की हरीश साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। ऐसे ही निरंतर कार्य करने की आश्वासन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेवाल ने की। विशेष अतिथि निधि चंदाकर थे। उड़ान नई दिशा के संस्थापक व जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन अकादमी के अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने किया।

### वार्षिक सम्मेलन में जुटे प्रदेशभर के प्रबुद्धजन



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा राज्य भर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। महिला वर्ग को सशक्त नारी सम्मान व पुरुष वर्ग को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य भर के शिक्षकों जिसमें शांति कुमार साहू, पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, चंद्रकला शर्मा, सीमा शर्मा, धर्मेंद्र श्रवण, हरीश साहू, रेखा शर्मा, विजय लांझियाना, धनेश रजक, रामलाल साहू, इंदिरा चंद्रवंशी, वेद कुमारी साहू आदि उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### स्टूडेंट्स ने जाना डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइन, ब्रान्डिंग और कम्प्यूटर से ग्राफिक्स बनाना



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय धनोरा में प्रोम्प्ट इंजीनियरिंग ऑन एआई टूल्स एंड ग्राफिक्स डिज़ाइन पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एए खान के मार्गदर्शन एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष विश्वनाथ ताम्रकार के नेतृत्व में कम्प्यूटर साइंस विभाग एवं आर्टिस्टिक विजन विद्या विहार कॉलोनी नेहरू नगर के संयुक्त तत्वावधान में बीएससी सीएस, बीएससी बायो, बीसीए और बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए प्रोम्प्ट इंजीनियरिंग ऑन एआई टूल्स एंड ग्राफिक्स डिज़ाइन पर यह कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को एआई टूल्स और ग्राफिक्स डिज़ाइन में नवीनतम कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला के शुभारंभ में आर्टिस्टिक विजन की संस्थापक काव्या मोरे ने व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजायनिंग, ब्रांडिंग के क्षेत्र में कम्प्यूटर ग्राफिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे छात्रों को उद्योग के विशेषज्ञों से सीखने और हाथों-हाथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एए खान, कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष विश्वनाथ ताम्रकार, सहायक प्राध्यापक कल्पना पाण्डेय शुक्ला, डॉ. स्वाति तिवारी, छाया साहू, शाहिस्ता, डॉ. संदीप कुमार एवं अतिथि व्याख्याता अतिथि सिंह, रितिका अवस्थी, रेशमा वर्मा, विद्या वर्मा उपस्थित रहीं।



**सीबीएसई के सर्वे में खुलासा : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 13 हजार पैरेंट्स पर की स्टडी के आधार पर किया तैयार**

# 50% से ज्यादा अभिभावक नहीं समझते अच्छी पैरेंटिंग इसमें सुधार के लिए अब सीबीएसई चलाएगा कैम्पेन

सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के 50 फीसदी पैरेंट्स को अच्छी पैरेंटिंग की जानकारी नहीं है। वहीं 40 फीसदी पैरेंट्स अपने बच्चों की समस्याओं को समझने में असफल साबित हो रहे हैं। सीबीएसई की ओर से देशभर के 13 हजार अभिभावकों पर किए गए एक सर्वे के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। सर्वे में 43.5 फीसदी पैरेंट्स ही पेंटिंग की बारिकियों को समझते हैं। वहीं 36.8 फीसदी ने माना है कि उन्हें पैरेंटिंग के बारे में अभी और भी सीखने की आवश्यकता है। 19.7 प्रतिशत पैरेंट्स का कहना है कि वे पैरेंटिंग को लेकर आने वाली समस्याओं से अब भी जूझ रहे हैं। अब सीबीएसई ने पैरेंट्स को समझाने के लिए एक कैम्पेन शुरू करने की तैयारी की है। साथ ही फ्लिपबुक जारी की है। इस फ्लिपबुक में पेंटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को शामिल किया गया है।

**भिलाई।** सीबीएसई ने यह सर्वे इसलिए कराया कि देखने में आया है कि बच्चों के परिणाम बिगड़ रहे हैं। बच्चे विषय को लेकर भ्रमित हो रहे हैं। कोई सही निर्णय नहीं ले पा रहे हैं। पालक भी जैसा बच्चे कह रहे हैं, उस हिसाब से सहमति जता दे रहे हैं, लेकिन बच्चों को उनके पसंद के विषय में भी परेशानी सामने आ रही है। इसके अलावा देखने में आया है कि सीबीआई और सीजी बोर्ड के स्कूलों में स्कूल बैग के वजन भी बढ़ रहे हैं। 2 अप्रैल से सीबीएसई के संचालित स्कूल शुरू हो गए हैं। कई प्राइवेट स्कूलों ने भी छोटे बच्चों की क्लास लगाना शुरू कर दिया है। इस दौरान क्लास वन से आठवीं तक के बच्चों के बैग के वजन औसतन 5 किलो या इससे ज्यादा हैं। जबकि सीबीएसई के मुताबिक स्कूल बैग के वजन कम करने को लेकर लगातार प्रयास किए गए हैं। नई शिक्षा नीति 2020 में स्कूल बैग के वजन का भी नियम बनाया गया है। उसके मुताबिक10वीं कक्षा तक के बच्चों का स्कूल बैग उनके अपने शरीर के वजन के 10% से अधिक भारी नहीं होना चाहिए। बावजूद इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। यानी अगर दूसरी कक्षा के बच्चों का औसत वजन 20-25 किग्रा माना जाए, तो उनके स्कूल बैग का वजन 2.5 किग्रा से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही नेशनल स्कूल बैग पॉलिसी के अनुसार 10-16 किग्रा वजन वाले प्राइमरी के बच्चों को स्कूल बैग ले जाने की जरूरत ही नहीं है। लेकिन, शहर के स्कूलों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। हैरत की बात है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी तक नहीं है।



### पैरेंट्स का बच्चों के साथ कम्युनिकेशन सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण

सीबीएसई सर्वे में अधिकांश पैरेंट्स ने माना है कि बच्चों के साथ लगातार कम्युनिकेशन बहुत जरूरी है। वहीं 49 फीसदी का कहना है कि स्कूल उनके साथ बच्चों के व्यवहार को एनालिसिस करने में पूरी मदद करता है। 29.5% पैरेंट्स का कहना है कि उन्हें स्कूल से सपोर्ट की अभी भी जरूरत है। 54.4% पैरेंट्स एकेडमिक और इमोशनल बिहेवियर को अच्छे तरीके से समझ पाते हैं। 40.1% पैरेंट्स का कहना है कि उन्हें उनके बच्चों का व्यवहार समझ में नहीं आता। वहीं 53.5% पैरेंट्स एकेडमिक्स में अपने बच्चों की पूरी तरह से मदद कर पाते हैं। अन्य को एकेडमिक मदद देने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### छत्तीसगढ़ के अलावा इन राज्यों में किया गया सर्वे

सर्वे में कर्नाटक की सहभागिता सबसे अधिक रही। इसके बाद दिल्ली, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का नंबर आता है। लद्दाख, मणिपुर और आंध्र प्रदेश से भी रिस्पॉन्स आए हैं। यह सर्वे छात्रों के व्यवहार को समझने के साथ स्कूलों से मिलने वाले सपोर्ट के महत्व को समझने के लिए करवाया गया था।

### जितनी किताबें, उतनी कॉपियां क्राफ्ट-ड्राइंग का भी सामान





हरिभूमि ने स्कूली बच्चों और उनके पालकों से बैग को लेकर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हर दिन जितनी किताबें ले जाते हैं, उतनी ही कॉपियां भी उनके बैग में होती हैं। इनके अलावा क्राफ्ट और ड्राइंग का सामान, लंच बॉक्स और वाटर बॉटल का भी वजन हर दिन टांगना पड़ता है। पालक संघ ने बस्ते का बोझ कम करने के लिए स्कूलों से पहल करने की अपील की है। अनिल जायसवाल ने कहा कि स्कूलों में स्मार्ट क्लास की फीस ली जाती है। उसे बेहतर बनाया जाए, तो बच्चों को अधिक किताब ले जाने की जरूरत नहीं रहेगी। रूटीन ऐसा बनाना चाहिए कि किसी दिन 5-6 से अधिक किताबें न ले जाना पड़े। जनरल प्रैक्टिसनर डॉ. अनिल अग्रवाल कहते हैं कि भारी बस्ते के बोझ का बच्चों पर दूरगामी बुरा असर हो सकता है। उन्हें गले और पीठ दर्द की शिकायत हो सकती है। हड्डियों के विकास पर भी असर हो सकता है। लंबे समय तक ऐसा बोझ पड़ने से स्थायी विकृति की भी आशंका रहती है।

### 80 प्रतिशत से ज्यादा पालकों की गलती, वे अपने बच्चों को नहीं समझ पाते : विभा झा



सीबीएसई की डिस्ट्रिक क्वार्डिनेटर विभाग झा बताती हैं कि पालकों की गलती सबसे ज्यादा है, वे अपने बच्चों की समस्याओं को नहीं समझ पाते। 80 प्रतिशत से ज्यादा पालक ऐसा ही कर रहे हैं। वे अपने बच्चों की हर फर्माइश को पूरा कर देते हैं, बच्चा बोलता है कि वह साइंस लेगा तो साइंस दिला देते हैं, कामर्स कहेंगे तो कामर्स। यह समझने का प्रयास ही नहीं करते कि बच्चे की रूचि किसमे हैं। बच्चे के मोबाइल, गाड़ी दे देते हैं। जबकि 10वीं से 12वीं तक की उम्र करियर बनाने और उसे संवारने का है। इस बात को पालकों को अपने बच्चों को समझाना चाहिए। सीबीएसई भी इसे लेकर विचार कर रहा है। इस वजह से दो सैमेस्टर में पठन सिस्टम लागू करने की तैयारी की जा रही है। नई शिक्षा नीति के जरिए भी कई बदलाव किए गए हैं। बच्चों में किसी प्रकार की विकृति न आए, इसलिए पालकों की जिम्मेदारी ज्यादा बनती है। वोकेश्नल ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। पालकों को अवेयर करने की दिशा में काम हो रहे हैं। रही बात स्कूल बैग्स की, तो बैग का वजन कम किया गया है। बच्चे खुद बैग में अनावश्यक पठन सामग्री लेकर आते हैं। हम विचार कर रहे हैं कि यूनिफार्म, जूते के साथ अब उनके बैग भी चेक किए जाएं, ताकि बैग में वे क्या लेकर आ रहे हैं, ये भी पता चल सके।

## राजनीतिक विश्लेषक डॉ. अग्रवाल का सम्मान, कहा- विषय की समझ और अध्ययन से मिलती है सफलता



**भिलाई।** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अनिल अग्रवाल को उनके राजनीतिक प्रिडिक्शन के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान स्पेशल फ्रैंड्स ग्रुप ने किया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश समर्थ, पूर्व पार्षद शिवेंद्र परिहार, लोकेश सोलंकी, सुरेंद्र सोरी, मनोज शर्मा, संतोष मिश्रा, संजय खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे। समर्थ ने बताया कि डॉ. अग्रवाल ने पिछले 10 वर्षों में एक राजनीतिक विश्लेषक के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनके कई बड़े पूर्व अनुमान सही साबित हुए हैं। लोकेश सोलंकी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने कह दिया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और 6 से 8 मंत्री चुनाव हारेंगे, हुआ भी कुछ ऐसा ही। इससे पहले डॉ. अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के नेतृत्व में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की। भाजपा की लगातार तीन बार जीत, चौथी बार में कांग्रेस की सरकार बनने और भूपेश के मुख्यमंत्री बनने, 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 55 से कम सीटें मिलने की बात कही थी। उस समय कांग्रेस को 44 सीटें मिली। 2019 में भाजपा की पूर्व बहुमत सरकार और 300 प्लस का आंकड़ा की बात भी सही रही। पिछले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़, एमपी और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने को लेकर उन्होंने संभावना जाहिर की थी। इसके बाद गुजराज में फिर से भाजपा की जीत, बंगाल में टीएमसी की जीत, लेकिन ममता बेनर्जी की हार, उत्तराखंड में हारने के बाद भी पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाए जाने, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की हार को लेकर भी उन्होंने पहले ही प्रिडिक्शन दिया था। उन्होंने महाराष्ट्र और हरियाणा में भी बीजेपी की सरकार बनने की बात कही थी।

## वीरांगना अवंती बाई की शहादत को किया याद, जयघोष के साथ अर्पित की श्रद्धांजलि

**भिलाई।** क्रांतिकारी वीरांगना रानी अवंती का 167 वां शहीद बलिदान दिवस लोधी समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अहिवारा परिक्षेत्र के ग्राम हरदी में सुबह 10 बजे से रानी अवंती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश भक्ति गीत एवं जय अवंती जय लोधेश्वर के जयकारे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इंजीनियर रमेश पटेल पूर्व महासचिव छत्तीसगढ़, अंकेक्षक विमल पटेल, भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सर्व हिंदू समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, अशोक वर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, गोवेंद्र पटेल, डोमेन्द्र राजपूत, कृष्णा पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



**परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर में चल रहे देवी भागवत कथा में महिषासुर संहार, रक्तबीज उद्धार एवं माता चंद्रघंटा की कथा**

## कार्नर न्यूज

## पंचमी के दिन माता परमेश्वरी का विशेष श्रृंगार, महाआरती से जगमगाया मंदिर परिसर, छोटे बच्चों ने किया कथा का श्रवण

**भिलाई।** प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर रोज जस गीत, माता सेवा एवं भक्ति संगीत की धूम मची हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में चतुर्थी-पंचमी के दिन प्रातः परमेश्वरी मंदिर में माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या समय मां परमेश्वरी की महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने घरों से दीयों से सजा कर लाए आरती की थालियों से आरती की। पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन ने मुख्य यजमान के रूप में आरती की। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से दीयों एवं झालरों से सजाया गया था। उल्लेखनीय है कि परमेश्वरी मंदिर में 154 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। परमेश्वरी मंदिर में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा में पंचमी के दिन बुधवार को कथा व्यास आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा ने महिषासुर संहार, रक्तबीज उद्धार एवं मां चंद्रघंटा की कथा सुनाई। कथा में भगवान शिव एवं पार्वती के विवाह के प्रसंग पर प्रस्तुत भक्ति संगीत पर श्रद्धालुगण झूम झूम कर नाचते रहे।



### बच्चों में आध्यात्मिक, सामाजिक और नैतिक संस्कार का हो समावेश

शालेय बच्चों में आध्यात्मिक, सामाजिक एवं नैतिक संस्कार डालने हेतु देवी भागवत कथा श्रवण करने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। लगभग 50 बच्चों ने उपस्थित होकर उत्साह पूर्वक 3 घंटे तक कथा का आनंद लिया। सभी ने देवांगन समाज के इस पहल की सराहना की। आचार्य नीलेश ने कहा कि बच्चों में बड़े बुजुर्गो तथा गुरूजनों का प्रणाम एवं सम्मान करने का संस्कार डालना चाहिए। अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है।



### नारी का सम्मान घर, परिवार, समाज हर जगह होना चाहिए

नारी का सम्मान घर, परिवार, समाज हर जगह किया जाना चाहिए। जो पत्नी अपने पति एवं परिवार को धर्म की ओर ले जाएं वह धर्म पत्नी है। अपने प्रवचन में आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि ऋग्वेद में वर्णित है कि सभी प्राणी जिनके भीतर स्थित हैं और जिनसे सम्पूर्ण जगत प्रकट होता है तथा जिन्हें परम तत्त्व कहा गया है, वे साक्षात स्वयं भगवती ही हैं। श्रीमद देवी भागवत पुराण पर प्रतिदिन कथा का वाचन किया जा रहा है। चैत्र नवरात्र पर यह विशेष आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

## सिटी इवेंट

### राहगीरों को मिलेगा शीतल जल, सेवा परमो धर्म से की प्याऊ घर की शुरुआत




**भिलाई।** सेवा परमो धर्म की भावना के साथ कार्य करते हुए लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा एक और स्थायी सेवा प्रकल्प की शुरुआत करते हुए प्याऊ घर की स्थापना की गई। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए ऑल इंडिया लीनेस क्लब की दुर्ग इकाई लीनेस क्लब दुर्ग सिटी द्वारा कमला मोटर्स, गंजपारा, दुर्ग में एक प्याऊ घर की स्थापना की गई है। यह प्याऊ घर आगामी चार महीनों तक संचालित रहेगा, जिससे राहगीरों और जरूरतमंदों को शीतल जल उपलब्ध कराया जाएगा। इस सेवा कार्य की प्रभारी मंजू बरमेचा ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना न केवल एक मानवीय कार्य है, बल्कि अत्यंत पुण्य का कार्य भी है। इस पुण्य कार्य में सहभागी होने का हमें अवसर मिला, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आगे पड़ने वाली भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए इस पुनीत कार्य के शुभारंभ अवसर पर क्लब की वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस रश्मि अग्रवाल, अध्यक्ष लीनेस अनिता शुक्ला, सचिव लीनेस आकांक्षा मिश्रा, लीनेस अनिता तिवारी, लीनेस मंजू बरमेचा, लीनेस ममता गोयल सहित अनेक प्रतिष्ठित सदस्याएं उपस्थित रहीं। आगे आने वाले दिनों में क्लब द्वारा किये जाने वाली पहल की जानकारी देते हुए मंजू बरमेचा ने बताया कि लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी जल्द ही पशु-पक्षियों के लिए जल पात्रों की व्यवस्था करेगा और उनका वितरण कर गर्मी में पक्षियों के डिहाईड्रेशन को रोकने के लिए अपना योगदान देगा। सेवा का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

## ● श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में 15वें वार्षिकोत्सव का आयोजन

# 371 विवाहित जोड़ों ने किया एक साथ सुंदरकांड पाठ, 10 फीट के हनुमान पहुंचे भक्तों के बीच, भजनों में झूमें भक्त

**भिलाई।** दुनिया चले न श्री राम के बिना और राम जी चले न श्री हनुमान के बिना,,,, और देखा न वीर हनुमान,,,,, जैसे सुमधुर भजनों को सुन धर्मप्रेमी झूम उठे। सुंदरकांड पाठ और भजनों के दौरान 10 फिट के बजरंग बली उपस्थित लोगो के बीच पहुंचकर नृत्य करते रहे। यह आयोजन श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में आयोजित किया गया था। जहां 371 विवाहित जोड़ों दवरा एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। जिससे पूरा वातावरण भक्ति में लीन दिखाई दिया। श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व एवं 15वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर जिले में पहली बार सैकड़ों विवाहित जोड़ों द्वारा एक साथ सुंदरकांड पाठ किया गया।

समिति के सदस्य योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर, गंजपारा दुर्ग में चैत्र नवरात्र पर्व एवं 15वां वार्षिकोत्सव 30 मार्च से 6 अप्रैल तक बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विवाहित जोड़ो द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 371 विवाहित जोड़े एवं सैकड़ों धर्मप्रेमियों ने एक साथ पाठ किया। इतनी अधिक संख्या में जिले में पहली बार विवाहित जोड़ों द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। जिससे जिले में एक अनूठा आयोजन शहर के धर्मप्रेमियों को श्री सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में देखने को मिला।



### प्रतिदिन हो रहा कन्या पूजन

गणेश मिश्रा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी गई। सुंदरकांड में कथा अनुसार मोहलाई की मण्डली द्वारा आकर्षित झांकी भी प्रस्तुत की गई। जिसमें 10 फिट के बजरंग बली की अद्भुत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। चैत्र नवरात्र और 15वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में रोज 9 बजे माता का अभिषेक किया जा रहा है साथ ही दोपहर 12 बजे प्रतिदिन कन्यापूजन कर कन्या भोज भी कराया जाता है।

### व्यवस्थाओं को देख सभी धर्मप्रेमी हुए भाव-विभोर



कार्यक्रम में सबसे पहले विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई गई और गणेश वंदना के साथ पाठ प्रारंभ किया गया। लगभग 500 मीटर दूर तक धर्मप्रेमी नीचे बैठकर पाठ किये और जो नीचे नही बैठ सकते थे उनके लिए कुर्सी की अलग से व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम में गणेश मिश्रा राजनंदगांव द्वारा सुंदर एवं मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान आकर्षक बैठक व्यवस्था के साथ सैकड़ों की संख्या में विवाहित जोड़ो ने एक साथ बैठकर सुंदरकांड का पाठ किया। समिति द्वारा विवाहित जोड़ों के बैठने की उचित व्यवस्था के साथ पूजा की चौकी, अलग-अलग पूजा एवं आरती की थाल, सुंदरकांड पुस्तक व तैयारियों को देख सभी धर्मप्रेमी भाव विभोर हो उठे।



## धर्म लाइव

### सुरक्षा अधिकारियों के लिए माउंट आबू में नेशनल कॉन्फ्रेंस 17 से

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन (आरई एंड आरएफ) द्वारा अपने 18 प्रभागों के माध्यम से संपूर्ण विश्व में समाज के सभी वर्गों के लिए निशुल्क आध्यात्मिक, नैतिक मूल्यनिष्ठ तथा राजयोग मेडिटेशन द्वारा सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं (कॉन्फ्रेंस) का आयोजन संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू सहित भारत के विभिन्न शहरों के सेवाकेंद्रो (रिट्रीट सेंटर) में आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन (आर ई एंड आर एफ) के सुरक्षा प्रभाग (सिक्यूरिटी सर्विसेस विंग) द्वारा 17 से 21 अप्रैल तक सेल्फ एम्पावरमेंट थ्रू इनर अवेकनिंग विषय पर संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू स्थित अकैडमी फॉर बेटर वर्ल्ड ज्ञान सरोवर में नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया है। जिसमें देश भर से मिलिट्री पैरामिलिट्री, आर्मी, नेवी, एयर फोर्स, कोस्ट गार्ड, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सी आई एस एफ, असम राइफल्स, आर पी एफ, सीबीआई, दिल्ली पुलिस, स्टेट पुलिस, सीजीडीए, जेल सिक्योरिटी सर्विसेज, बॉर्डर रोड सेफ्टी सुरक्षा से जुड़े 400 विशिष्ट अधिकारी भाग लेंगे। इस कॉन्फ्रेंस में निशुल्क रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी के लिए सिक्यूरिटी सर्विसेस विंग की वेबसाइट सिक्यूरिटी विंग डॉट बी के डॉटओओओ (securitywing.bk.ooo) अथवा भिलाई सेक्टर 7 स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन, दुर्ग स्थित मुख्य सेवाकेंद्र आनंद सरोवर बघेरा में भी संपर्क कर सकते हैं। इस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए सुरक्षा अधिकारी अपने संबंधित विभाग के मुख्यालय में ड्यूटी लीव के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं।

- 400 से अधिक सुरक्षा अधिकारी होंगे शामिल

## मंदिरों में रही भीड़

### पंचमी पर माता की गोदभराई रस्म निभाने घंटों लाइन में लगे भक्त



**भिलाई।** चैत्र नवरात्रि में देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। सेक्टर छह पोस्ट ऑफिस कालोनी स्थित मां जगदंबा मंदिर में बुधवार को पंचमी तिथि के अवसर पर परंपरानुसार माता की गोद भराई की रस्म पूरी की गई। मंदिर के पुजारी दीपक जौंजाड़कर ने बताया कि मंदिर में पंचमी के दिन मनोकामना ज्योत जलाने वाले भक्तों दवरा द्वारा लाल कपड़ा, चुनरी, चावल, नींबू सहित सोलह श्रृंगार का सामान माता को चढ़ाया जाता है। इस परंपरा से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। पंचमी के दिन सुबह माता का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। इस दिन सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में लगी रही। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। लोग माता और ज्योत का दर्शन करने पहुंचे थे और ज्योत जलाने वाले माता की गोद भराई करने घंटों तक लाईन में लगे रहे। इस वर्ष 1251 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए है। इस मंदिर में केवल दुर्ग ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश देश और विदेश में बसे देवी भक्तों की आस्था है। यहां अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया से भक्त अपनी मनोकामना पूरी करने यहां ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए हैं। सेक्टर 6 के पोस्ट ऑफिस कॉलोनी के अंदर स्थित मां जगदम्बा मंदिर में डोंगरगढ़ वाली माता बम्लेश्वरी की प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर की स्थापना जौजाड़कर परिवार ने की है। वह परिवार ही इस मंदिर की सेवा कर रहा है। सदस्यों का कहना है कि परिवार के यादवराव जौजाड़कर को सपने में मां बम्लेश्वरी ने अपने यहां होने का इशारा किया था जिसके बाद यहां मंदिर स्थापित किया गया। इस मंदिर में खासकर पंचमी के दिन माता की गोदभराई करने भक्तों की कतार लगी रहती है और जो भक्त डोंगरगढ़ तक नहीं जा पाते, वे यहां माता के दर्शन करने आते हैं।



## आयोजन

### 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी सीखेंगे बारीकियां



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय में 15 दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। 1 अप्रैल से शुरु हुए प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी बढ़चढ़ कर पहुंचे रहे है। इस शिविर में एनआईएस कोच अशोक गोंडाले द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में खिलाड़ियों को फुटबाल की विभिन्न बारीकियां एवं स्किल्स को सिखाते हुए उनके हुनर को तराशा जायेगा। यह शिविर 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया गया है, जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस एवं प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी कैलाश नारायण वर्मा, अन्य प्राध्यापक और खिलाड़ी उपस्थित थे।

**खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन**



## एज्यूकेशन इवेंट

### एमएससी और बीएससी की छात्राओं को परीक्षा पूर्व तैयारी के लिए दिया मार्गदर्शन



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिकशास्त्र विभाग के तत्वावधान में विषय-विशेषज्ञ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्याता रायपुर के शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की डॉ. अंजली अवधिया उपस्थित रहीं। जिन्होनें छात्राओं को क्वांटम मशीन्स परट्रीयूबेशन थ्योरी पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही छात्राओं को परीक्षा पूर्व तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राएं उपस्थित थी। इस व्याख्यान कार्यक्रम से छात्राएं प्रेरित हुई। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन पिन्टी देवी अतिथि व्याख्याता तथा आभार प्रदर्शन हीना देवांगन ने किया।

- भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन



## ब्रह्माकुमारीज ने किया नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान

# ब्रह्माकुमारीज ने जन प्रतिनिधियों को ग्राम के विकास में अपना श्रेष्ठ देने किया प्रेरित

कार्नर न्यूज

### शिवधाम कोड़िया में शिव ध्वजारोहण के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय भिलाई सेवा केंद्र द्वारा शिवधाम कोड़िया में शिव ध्वजारोहण के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित कर नव निर्वाचित सरपंच एवं पंचों का संकल्प पट्टा, स्लोगन पट्टिका, प्रभु प्रसाद भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सरपंच जानकी साहू, उपसरपंच मंजू निषाद, सुषमा जांगड़े, सुनील बंधे, लता बंजारे, दिलेश्वर सिन्हा, देवेंद्र देवांगन, जयकिशन वर्मा, संगीता वर्मा, गीता जैन, देवकी वर्मा, संतोषी धीवर, पीतांबर निर्मलकर, बुद्धि सागर साहू, गंगा देवांगन, बनवारी साहू, ईश्वर देशलहरा, ऋषभ वर्मा, हेमलता साहू, ललिता पटेल, बेदकुमारी ध्रुव एवं साहू समाज के अध्यक्ष प्रदीप साहू को सम्मानित किया गया।



### परमात्मा के दिव्य अवतरण एवं उनके दिव्य कर्तव्यों का बोध कराया

ध्वजारोहण समारोह में मुख्य अतिथि राजयोग भवन सेक्टर 7 भिलाई की इंद्राणी बहन ने नव निर्वाचित सरपंचों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें ग्राम के चहुंमुखी विकास में अपना श्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया और कल्याणकारी त्रिमूर्ति परमात्मा के दिव्य अवतरण एवं उनके दिव्य कर्तव्यों का बोध कराया। जीवन को श्रेष्ठ बनाने विक्रमों से मुक्ति का उपाय भी बताया।




### क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार से बचने दी सीख

सेवा केंद्र की गायत्री बहन ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मानवता की सेवा में समर्पित अंतर्राष्ट्रीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान में नैतिक और चारित्रिक उत्थान के मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण के लिए निःशुल्क शिक्षाएं दी जाती है। साथ ही उन्होंने अपने हर कर्म प्रभु स्मृति में करने, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार से बचने, जीवन को आनंदमय बनाने की प्रेरक सीख दी। इस दौरान सरपंच जानकी साहू, उपसरपंच मंजू निषाद एवं प्रदीप साहू ने भी अपने विचार रखे। लोक गायक रमेश रावटे एवं डॉ नीलकंठ देवांगन ने लोकगीतों, भजनों की प्रस्तुती दी। निधि रावटे ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हकुमार संतोष ने किया। इस अवसर पर भिलाई सेवा केंद्र से ब्रह्माकुमारी बहनें कल्याणी, निरुपमा, शोभा कल्पना, ब्रह्माकुमार दामन, ढालसिंह, कमलेश चोपड़ा, संजय दत्ता, श्यामछ धनवानी, प्रेमलाल, बलराम, संतोष, स्थानीय शाखा के भाई-बहनों सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एसीबी कोरबा फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन बुधवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच एसीबी कोरबा एवं एमानुएल एफसी बालाघाट के मध्य खेला गया। यह मैच अंतिम समय तक 0-0 की बराबरी पर रहा। जीत के लिये पेनाल्टी शूट आउट से निर्णय लिया गया। जिसमे एसीबी कोरबा ने 5-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच एनईआई बिलासपुर एवं रायपुर एफसी के मध्य खेला गया। जिसमें एनआईए बिलासपुर ने 1-0 से जीत दर्ज कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अथिति भीम बोदलकर एजीएस बिलासपुर एवं मिलाप साहू (अर्बन बैंक डयरेक्टर) थे।

### विश्व योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने मलेशिया रवाना हुई रायपुर की साक्षी



**रायपुर।** 16वीं विश्व योग प्रतियोगिता के लिए राजधानी रायपुर की साक्षी वर्मा का चयन हुआ है। वे इस प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही खेल व योग प्रशिक्षक नामेश कुमार साहू भारतीय दल के सहायक प्रशिक्षक के रूप में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। भारतीय दल 2 अप्रैल को कोलकाता से मलेशिया के लिए रवाना होगा। इस प्रतियोगिता में भारत सहित मलेशिया, अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, अर्जेंटीना, आयरलैंड, फ्रांस, चेक रिपब्लिक, इटली,आइवरी कोस्ट, ईरान, नेपाल, चीन, मंगोलिया, स्वीडन, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जापान, सीरिया, अल्जेरिया, सउदी अरब सहित अनेक देश हिस्सा ले रहे हैं। कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल की 12वीं की छात्रा साक्षी ने इससे पहले में सीबीएसई, राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की योग स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं। -

### सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में जारी है शानदार मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की 10 टीमें भाग ले रही है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई 55 रन से पीछे:** ग्रुप ए का नौंवा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 51.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाये।

बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 47 नाबाद रन बनाये साथ ही सन्नी पांडे ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से आनंद राव तथा शुभम सिंह ने 3- 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 23 ओवरों में बिना किसी नुकसान 102 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने नाबाद 60 रन तथा मयंक वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई 55 रनों से पीछे है।

**रायपुर ब्लू के विरुद्ध बीएसपी 129 रनों से पीछे:** ग्रुप ए का दसवां चार दिवसीय मैच बी.एस.पी. एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर क्रिकेट मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 68.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने सर्वाधिक 82 रन तथा ऋषि शर्मा ने 29 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से कृष मैत्री ने 3 विकेट प्राप्त किये। बी.एस.पी. ने अपनी पहली पारी में 14 ओवरों में 1 विकेट खोकर 66 रन बना लिये है बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने नाबाद 46 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक बी.एस.पी. 129 रनों से पीछे है।

**सरगुजा के विरुद्ध रायपुर 70 रनों से पीछे:** सरगुजा व रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 63.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। सरगुजा की ओर से अंश राज आर्यन ने सर्वाधिक 35 रन नाबाद तथा हर्ष दुबे ने 29 रन बनाये। रायपुर की ओर से शुभम माहुरकर ने 3 विकेट, अमितेश पांडे तथा उत्कर्ष तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े चिंताजनक

# भारत में हर 20 में से एक व्यक्ति में बढ़ रही डिप्रेशन की शिकायत, हर वर्ग के लिए तनाव बन रहा खतरा

साल 2024 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 264 मिलियन (26.4 करोड़) लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी हैं। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिला हों या पुरुष सभी इसका शिकार देखे जा रहे हैं। काम के दवाब और पारिवारिक-सामाजिक कारणों के चलते स्ट्रेस-एंग्जाइटी की दिक्कत होना काफी आम है, गंभीर स्थितियों में ये डिप्रेशन (अवसाद) का भी कारण बन सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डिप्रेशन मानसिक बीमारी की गंभीर समस्या है जो आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसमें लगातार उदासी की भावना बनी रहती है और आप उन गतिविधियों में रुचि खो सकते हैं जिन्हें आप पहले पसंद किया करते थे। डिप्रेशन मेंटल हेल्थ की समस्या तो है ही पर इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से हो सकता है।

साल 2024 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 264 मिलियन (26.4 करोड़) लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है। कोविड महामारी के बाद से डिप्रेशन के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।



### महिलाओं में डिप्रेशन होने का खतरा अधिक

मेंटल हेल्थ की समस्याएं किसी को भी हो सकती हैं, हालांकि बड़ा सवाल ये है कि डिप्रेशन महिलाओं को ज्यादा होता है या फिर पुरुषों को?

इसे समझने के लिए लंदन में विशेषज्ञों की एक टीम ने विस्तृत अध्ययन किया। इसके निष्कर्ष बताते हैं कि लड़कियों में डिप्रेशन के मामले लड़कों की तुलना में दोगुना अधिक होते हैं। साल 2024 में इसी से संबंधित एक अन्य रिपोर्ट में सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बताया कि अनुमानित 53% किशोर लड़कियों ने उदासी या निराशा जैसे डिप्रेशन के लक्षणों की शिकायत की, जबकि ऐसी शिकायत वाले लड़कों का आंकड़ा केवल 28% था।

### अध्ययन में क्या पता चला?



शोध की रिपोर्ट ये भी बताते हैं कि लड़कियों में आत्महत्या के विचार आने आशंका भी अधिक थी। पर लड़कियों-महिलाओं में डिप्रेशन का जोखिम अधिक क्यों होता है, किंग्स कॉलेज लंदन के विशेषज्ञों ने इसे भी समझने की कोशिश की।

इस अध्ययन में 15 वर्ष की आयु के 75 लड़कियां और 75 लड़कों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लड़कियों में न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स का स्तर कम था उनमें डिप्रेशन होने का खतरा भी अधिक देखा गया, वहीं जिनमें इसका स्तर सामान्य था उनका मेंटल हेल्थ ज्यादा बेहतर देखा गया।



हालांकि जब लड़कों में इसका आकलन किया गया तो उनमें ये अंतर नहीं दिखा।

न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स ऐसे पदार्थ हैं जो न्यूरॉन्स को विभिन्न कारणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ये मस्तिष्क को कोशिकाओं की भी रक्षा करते हैं, इस तरह से ये अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के खतरे को भी कम कर सकते हैं।

किंग्स कॉलेज लंदन में शोधकर्ता डॉ नागमेह निक्खेस्लात कहते हैं ब्रेन में सूजन को कम करने या न्यूरोप्रोटेक्टिव के उत्पादन को बढ़ावा देकर हम डिप्रेशन होने या इसके गंभीर रूप लेने के खतरों को कम कर सकते हैं। जिन लोगों के ब्रेन में न्यूरोटॉक्सिक एक्टिविटी अधिक होती है उनके लिए डिप्रेशन पर काबू पाना या इससे बाहर निकल पाना काफी कठिन हो सकता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं से इसमें लाभ पाया जाता है।



## आपकी रोज की ऐसी आदतें रिश्तों में ला सकती है मजबूती, पार्टनर भी रहेंगे खुश

3रिश्तों की पहेली सुलझाना सभी के लिए चुनौती होती है। कई बार बहुत सी कोशिशों के बाद भी रिश्तों में तनाव दिखने लगता है। पार्टनर्स के बीच एक-दूसरे को लेकर शिकायतें घर करने लगती हैं। अगर समय पर न संभाला जाए तो कुछ गलतफहमियां आगे चलकर रिश्ता टूटने का कारण भी बन जाती हैं। ऐसे में, अक्सर मन में यह सवाल उठता है कि आखिर हम ऐसा क्या करें कि हमारा पार्टनर खुश रहे और हमारा रिश्ता भी मजबूत बना रहे। इसके लिए, आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से हमने बातचीत की। उन्होंने बताया कि रिश्तों को मजबूत करना बहुत ही आसान होता है। तो चलिए आगे उनके बताए गए टिप्स को जान लेते हैं।

### धारणा बनाने की जगह खुलकर करें बात



रिश्तों में खटास की शुरुआत तब होती है, जब हम किसी भी बात या घटना के बारे में अपने मन से ही कोई धारणा बनाकर निष्कर्ष निकाल लेते हैं। कभी भी और किसी भी स्थिति में यदि पार्टनर को लेकर कोई बात पता चले, तो अपने मन से निष्कर्ष न निकालें। हमेशा पार्टनर से उस बारे में साफ मन से बात करें। बात करते समय सामने वाले का पक्ष पूरी तरह सुनें। अपनी धारणा न थोपें। खुलकर बात करने से बहुत सी गलतफहमियां दूर होती हैं और रिश्ता मजबूत रहता है।

### समय देना जरूरी

अगर आपसे सवाल किया जाए कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में सबसे ज्यादा कीमती क्या है, तो आपका जवाब होगा – समय। इसी के साथ हमें रिश्ते की कीमत भी समझनी चाहिए। कीमती रिश्ते को संभालने के लिए अपने कीमती समय का कुछ हिस्सा हमेशा एक-दूसरे के साथ खर्च करें। हर रोज किसी न किसी बहाने से अपने पार्टनर के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालें। और हां, अगर कभी काम की उलझन में पार्टनर आपको समय न दे पाए, तो उसकी शिकायत करने के बजाय परिस्थिति को समझें और साथ दें।

### गुस्से पर नियंत्रण रखें

हमने यह डायलॉग बहुत बार सुना है कि गुस्सा उसी पर आता है, जिससे प्यार होता है। हालांकि, आपको इस डायलॉग को जीवन का हिस्सा बनाने से बचने की जरूरत है। असल में, गुस्सा केवल और केवल रिश्तों को खराब करता है। किसी भी बात पर गुस्से के साथ प्रतिक्रिया न दें। अगर आपको कुछ सही न भी लगे, तो नम्र तरीके से अपनी आपत्ति जताएं। इससे आपसी सम्मान की भावना बढ़ती है और संबंध मजबूत होता है।

### विश्वास है रिश्ते की नींव

कोई भी रिश्ता विश्वास पर टिका होता है। विश्वास ही संबंधों की नींव है। ज्यादातर रिश्तों के टूटने में अविश्वास और संदेह की बड़ी भूमिका होती है। अगर किसी बात के कारण मन में संदेह उत्पन्न हो तो उस पर खुलकर चर्चा करें और संदेह दूर करें। अपने संदेह को अविश्वास का कारण मत बनने दें। इसी तरह, ऐसा कुछ करने से बचें, जिससे आपके पार्टनर के मन में ऐसा कोई संदेह या अविश्वास पैदा हो सकता है।



## घर का मुख्य द्वार बनाने से पहले इन बातों का रखें खास ध्यान, सुख-समृद्धि खुद देगी दस्तक

अगर आप भी नए घर का निर्माण करवा रहे हैं और चाहते हैं कि आपके घर का द्वार सिर्फ एक दरवाजा नहीं, बल्कि सौभाग्य का प्रवेश द्वार बने, तो इन वास्तु नियमों को जरूर अपनाएं। आइए जानते हैं।

### दिशा का खास रखें ध्यान

घर का मुख्य द्वार कई ऊर्जाओं को घर में प्रवेश करने में सहायक होता है। ऐसे में अगर आप पूर्वमुखी है तो घर का प्रवेश द्वार उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। ताकि मुख्य द्वार से सुबह की धूप सीधे आपके घर में प्रवेश करे। दक्षिण-पश्चिम या पश्चिम दिश में मुख्य द्वार होने से बाधाएं आ सकती हैं, इसलिए इन्हें टालना चाहिए। सही दिशा से सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवाहित होती है, जबकि गलत दिशा से समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### द्वार का सही आकार

मुख्य द्वार का सही आकार और डिजाइन सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए काफी जरूरी होता है। इसलिए आप भी दरवाजा बनवाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि दो पल्लों वाला द्वार शुभ माना जाता है, क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को बनाए रखता है। द्वार न तो बहुत बड़ा हो और न ही बहुत छोटा। बहुत छोटा द्वार सकारात्मक ऊर्जा को रोक सकता है, जबकि बहुत बड़ा द्वार असंतुलन पैदा कर सकता है।

### स्वच्छता और सुंदरता

घर का मुख्य द्वार साफ और सजा हुआ होना चाहिए। ऐसा करने से यह घर में सुख-समृद्धि को आमंत्रित करता है, जबकि गंदा या अव्यवस्थित द्वार नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है। ऐसे में आप



मुख्य द्वार और उसके आसपास हमेशा साफ-सफाई बनाए रखें। रंगोली, तोरण (आम या अशोक के पत्तों की माला) और सजावट से द्वार को आकर्षक बनाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

### कौन-सा रंग चुने?

मुख्य द्वार का रंग घर की ऊर्जा पर गहरा प्रभाव डालता है। सही रंग घर में सुख-समृद्धि को आकर्षित कर सकते हैं। इसलिए आप क्रीम, हल्का पीला, हल्का नीला, हरा या सफेद जैसे हल्के रंग चुन सकते हैं। काले रंग से बचें, क्योंकि यह नकारात्मकता को आमंत्रित कर सकता है।

## रात के खाने में कुछ हल्का बनाना है तो झटपट तैयार करें वेजिटेबल दलिया



वेजिटेबल दलिया एक हेल्दी, हल्का और स्वादिष्ट डिश है, जो पचाने में आसान और पोषण से भरपूर होती है। इसे नाश्ते या रात के हल्के खाने के रूप में बनाया जा सकता है।

दलिया बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में 1 चम्मच घी डालें और उसमें दलिया डालकर हल्का सुनहरा होने तक भून लें। इससे दलिया ज्यादा स्वादिष्ट और खुशबूदार बनेगा। जब ये अच्छी तरह से भुन जाए तो इसे भूनने के बाद एक प्लेट में निकालकर अलग रख दें।

अब बारी आती है तड़का लगाने की। तड़का लगाने के लिए उसी कड़ाही में थोड़ा और घी डालें, फिर जीरा डालें और हल्का भूनें। इसके बाद अब इसमें कटा हुआ प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक भूनें।

टमाटर, गाजर, मटर, शिमला मिर्च डालें और 2-3 मिनट तक चलाएं। हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। अब भुना हुआ दलिया डालें और तीन कप पानी डालकर अच्छे से मिलाएं।

अब इसे ढककर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकने दें, जब तक दलिया नर्म और पानी पूरी तरह से सूख न जाए। बीच-बीच में चम्मच से चलाते रहें ताकि दलिया तले में न चिपके। गैस बंद करें और हरी धनिया पत्ती से गार्निश करें। इसे गर्मागर्म परोसें और दही या अचार के साथ आनंद लें।

कार्नर न्यूज

आपका हृदय स्वस्थ है या नहीं, कहीं कोई दिक्कत तो नहीं आपको जानना जरूरी

# अपने दिल को रखिए हमेशा संभाल कर, राहत के लिए सेहत परखते रहिए कुछ आसान तरीकों से

हृदय रोग और इससे संबंधित बीमारियां, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में भी इसका खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र के लोगों में हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, कोरोना महामारी के बाद से इसका जोखिम और भी अधिक हो गया है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए सभी लोगों को निरंतर ध्यान देते रहने की जरूरत है।

डॉक्टर कहते हैं, हर उम्र के व्यक्ति में हृदय से संबंधित समस्याएं देखी जा रही हैं। ऐसे में सवाल ये है कि कैसे पता किया जा सकता है कि आपको हृदय की कोई समस्या तो नहीं है? या फिर आपमें हार्ट की समस्याओं का कोई जोखिम तो नहीं है? डॉक्टर्स इसके लिए कुछ उपाय बताते हैं जिसपर ध्यान देकर आप भी हार्ट की हेल्थ का अंदाजा आसानी से लगा सकते हैं।

### युवाओं में हार्ट की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं पिछले दिनों कई ऐसे मामले देखे गए हैं जिसमें पहले से बिना किसी हार्ट की शिकायत वाले लोगों के ईसीजी, ईसीएचओ और टीएमटी परीक्षण में दिक्कत देखी जा रही है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि युवाओं में



धूम्रपान और शारीरिक निष्क्रियता के मामले बढ़ गए हैं जिसके कारण भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी है कि आप निरंतर हृदय की जांच करते रहें, जिन लोगों में हृदय रोगों का आनुवांशिक जोखिम रहा है उन्हें और भी सतर्कता बरतते रहना आवश्यक हो जाता है।

आइए जानते हैं कि ये कैसे पता किया जा सकता है कि आपका हृदय स्वस्थ है या नहीं?

### ब्लड प्रेशर की रीडिंग पर रखें नजर

हृदय की सेहत को जांचने के लिए सबसे जरूरी पैरामीटर है ब्लड प्रेशर पर ध्यान रखना। अगर आपका ब्लड प्रेशर अक्सर कम या ज्यादा रहता है तो इसे हार्ट की समस्याओं का संकेत माना जाता है। रक्तचाप की सामान्य सीमा 120/80 की मानी जाती है। अगर आपका ब्लड प्रेशर इससे अधिक बना रहता है तो आपको सावधान हो जाने की जरूरत है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। वहीं अगर ये नार्मल है तो ये संकेत है कि आपका हार्ट ठीक तरीके से काम कर रहा है।



### हृदय गति का सामान्य रहना जरूरी

ब्लड प्रेशर की ही तरह हार्ट रेट का सामान्य रहना भी स्वस्थ हृदय के लिए जरूरी है। आमतौर पर हृदय गति का 60 से 100 बीट प्रति मिनट के बीच रहना स्वस्थ माना जाता है। ये अगर अक्सर कम या ज्यादा बना रहता है तो संकेत हो सकता है कि हार्ट की सेहत में सबकुछ ठीक नहीं है। नियमित रूप से हृदय की जांच के दौरान हार्ट रेट पर भी डॉक्टर नजर रखते हैं।

### कहीं ज्यादा तो नहीं है वजन?

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें हृदय रोग-डायबिटीज सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा अधिक होता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पीटर की 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' आएगी अगले साल, फैंस में छाया उत्साह



टॉम हॉलैंड अभिनीत फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' के शीर्षक के साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ गया है। अपने पसंदीदा किरदार पीटर पार्कर को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं।

फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है।

'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर 'स्पाइडर मैन 4' के शीर्षक के साथ इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, "मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।

'स्पाइडर मैन 4' पीटर पार्कर के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी। 'स्पाइडर मैन 4' का निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन कर रहे हैं। टॉम हॉलैंड अभिनीत बहुप्रतीक्षित स्पाइडर-मैन 4 फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे ' के रूप में सामने आते ही, फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। टॉम हॉलैंड को आखिरी बार फिल्म ₹अनचार्टेड₹ में देखा गया था। वहीं अब मार्वल्स के प्रशंसकों को स्पाइडर मैन की नई फिल्म को देखने के लिए साल 2026 तक का इंतजार करना होगा। टॉम ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ₹मुझे बेहद अफसोस है कि मैं आपके साथ नहीं हो सका क्योंकि मैं एक फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी दुनिया में घूम रहा हूं।

### टॉलीवुड

## अजित की 'गुड बैड अग्ली' को भारत से पहले लोग अमेरिका में देखेंगे



अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूएसए में फिल्म के टिकटों की बिक्री शुरु, जानें वहां किस तारीख को रिलीज हो रही फिल्म?

'गुड बैड अग्ली' ने दर्शकों में एक अलग ही रोमांच बनाया हुआ है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें फिल्म को यूएसए में 09 अप्रैल को प्रीमियर की करने की बात कही गई है। साथ ही लिखा कि वहां इसकी बुकिंग शुरू। अब भारत से पहले अजित की यह फिल्म विदेश में अपना परचम लहराने को तैयार है।

'गुड बैड अग्ली' भारत में 10 अप्रैल, 2025 को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम सहित कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजित के साथ तृषा भी मुख्य भूमिका में होंगी। फिल्म के संगीत को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद द्वारा तैयार किया गया है। सिनेमैटोग्राफी अबिनंदन रामानुजम ने किया गया और संपादन विजय वेलुकुट्टी द्वारा किया गया है। फिल्म का निर्माण नवीन ने मैत्री मूवी के बैनर तले किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'गुड बैड अग्ली' फिल्म की कहानी में एक निडर डॉन अपने क्रूर तरीके और हिंसक जीवन को बदलने की कोशिश करता है ताकि वह समाज में अपने परिवार के साथ शांति से रह सके। हालांकि, उसका काला अतीत और क्रूर कार्य उसका पीछा करना जारी रखते हैं। वह उनका सामना करता है और उन पर विजय प्राप्त करता है। यह प्रतिशोध, वफादारी और सत्ता की कीमत की कहानी है। टीजर के अनुसार अभिनेता फिल्म में कई लुक में नजर आ रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'आयुष्मान आयुष्मति' में प्रमोद और ऋतु मचाएंगे धमाल



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुप्ररस्टार प्रमोद प्रेमी और 'बबली गर्ल' ऋतु सिंह के फैंस के लिए खुशखबरी है। दोनों की खूबसूरत जोड़ी जल्द ही हमें एक नई फिल्म में देखने को मिलेगी। इसका नाम 'आयुष्मान आयुष्मति' रखा गया है। सोमवार 31 मार्च को मेकर्स ने फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें दोनों की प्यारी केमेस्ट्री नजर आ रही है। फिल्म का निर्माण 'एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड' के बैनर तले किया जा रहा है। मेकर्स का कहना है कि 'आयुष्मान आयुष्मति' एक बेहद मनोरंजक कहानी पर आधारित सोशल ड्रामा है, जिसमें दर्शकों को मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहराई देखने को मिलेगी। फिल्म का जो फर्स्ट लुक पोस्टर आया है, उसमें एआई की भी छाप है। इसे नरसू ने डिजाइन किया है।

फिल्म में जहां प्रमोद प्रेमी और ऋतु सिंह लीड रोल में हैं, वहीं इसमें समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, सोनू पांडेय, विद्या सिंह, सोनिया मिश्रा, सोनाली मिश्रा, कुंवर सुधीर सिंह और सफिया भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और निर्देशक प्रवीण गुडुरी हैं। फिल्म के संगीतकार सजन मिश्रा और आर्य शर्मा हैं, जबकि प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्तानी और शेखर मधुर ने गीत लिखे हैं।

## लाइफ स्टाइल

### विंटाज डिजाइन



डिज़ाइनर मारिया ग्राज़िया चिउरी ने अपने नवीनतम हाउते कॉउचर संग्रह के लिए क्रिश्चियन डायर के प्रसिद्ध अभिलेखागार से कुछ विंटाज डिजाइन उठाए हैं। सफल स्प्रिंग 2025 शो चिउरी के सीज़न में सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जा रहा है। डिज़ाइनर मारिया ने अपनी विशिष्ट समकालीन दृष्टि से फैशन जगत को हमेशा प्रभावित किया है। इस बार भी उन्हें तारीफ ही मिली।

## रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल, पार्लर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं। यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।

### आलू का रस

अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर



रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

### आटा, हल्दी और दूध

अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

### दूध और हल्दी

दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।

अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें। हर दूसरे दिन इसे लगा सकते हैं।

## साड़ी को कीजिए कुछ ऐसे ढंग से स्टाइल, लोग करेंगे वाह-वाह



साड़ियां भारतीय परिधान में सर्वोपरि मानी जाती है। महिलाएं साड़ियों को अलग-अलग तरीके से पहनती हैं। इन दिनों त्यौहारों के साथ-साथ अलग-अलग अवसरों पर पार्टियों का भी है। ऐसे में आप चाहें तो साड़ियां पहनने कुछ सेलिब्रेटीज के अंदाज से भी सीख सकती हैं।



आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।



हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना के पास भी साड़ियों का शानदार कलेक्शन है। खास मौके पर उनकी ऑर्गेंजा साड़ी को अपना सकती हैं। वहीं इस तरह की प्रिंटेड साड़ी से भी पार्टी के मौके पर खुद को तैयार कर सकते हैं।

शिल्पा शेट्टी की साड़ी कलेक्शन और डिजाइन दोनों ही काफी यूनिक होता है। उनकी साड़ियों को शादी पार्टी से लेकर ऑफिस आदि में भी पहन सकते हैं। शिल्पा की यह साड़ी शादियों और पार्टियों में आकर्षक लगेगी।

## इस नवरात्रि हाथों पर खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट, देखें डिजाइंस

चैत्र नवरात्रि के मौके पर हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

### गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन

गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

### लाल और पीली चूड़ी डिजाइन

लाल के साथ हरे रंग के आलावा पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही



बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी डिजाइंस मिल जाएंगे।

### मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेट

मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो एक ही रंग की 24 चूड़ियों को एक हाथ की कलाई पर सजा सकती हैं।

## पंद्रह मिनट में घर पर करें नेल आर्ट हाथों के नाखून दिखने लगेंगे सुंदर

हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।

### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में कर सकतीहैं। इसके



लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है। आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

#### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए-



### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर,बेसबॉल कैप,स्कार्फ,बेल्ट,जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।




### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।